सुविचार

यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते है, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए !

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम - निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 358 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 21 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


इस खबर से देश शर्मिंदा है...

## पीड़िता ने सुनाई आपबीती : पुलिस ने हमें भीड़ के साथ छोड़ दिया

**मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना**

**मणिपुर की घटना को लेकर पूरे देश में नाराजगी का माहौल**




**दरिंदगी का विरोध करने पर पिता-भाई की हत्यामणिपुर हैवानियत मामले में अब तक 4 गिरफ्तार, पीड़िता ने सुनाई आपबीती- 'पुलिस ने हमें भीड़ के साथ छोड़ दिया, फिर...'**

सितारा न्यूज नेटवर्क

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया। ये घटना 4 मई को घटित हुई थी। जिसका वीडियो बुधवार (19 जुलाई) को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद मणिपुर सरकार और पुलिस एक्शन में आई और घटना के मुख्य आरोपी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसी बीच इस घटना की पीड़िता ने आपबीती सुनाई। पीड़ितों में से एक महिला ने गुरुवार (20 जुलाई) को द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्हें पुलिस ने भीड़ के हवाले कर दिया था। इस घटना में तीन महिलाओं पर क्रूरता की गई है। इनमें से एक महिला 20 साल की है, दूसरी 40 साल और तीसरी महिला 50 साल की है। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस उस भीड़ के साथ थी जो हमारे गांव पर हमला कर रही थी। पुलिस ने हमें घर के पास से उठाया और गांव से थोड़ी दूर ले जाकर भीड़ के साथ सड़क पर छोड़ दिया। पुलिस ने उन्हें उन उपद्रवियों को सौंप दिया था।

### मणिपुर पीड़िता ने सुनाई आपबीती

उन्होंने कहा कि हम पांच लोग थे। जिनमें से दो की हत्या कर दी गई। इसके बाद भीड़ ने हमारे साथ क्रूरता की। फिर हम वहां से किसी तरह से भाग निकले। उन्होंने ये भी बताया कि उन्हें इस वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है क्योंकि यहां इंटरनेट नहीं चल रहा है। महिला ने आगे बताया कि भीड़ में काफी लोग शामिल थे, लेकिन वह उनमें से कुछ को पहचानती है। इसमें महिला के भाई का दोस्त भी शामिल था।

### निर्वस्त्र परेड कराई, गैंगरेप किया

इस घटना की वायरल वीडियो में महिलाओं को भीड़ के जरिए निर्वस्त्र परेड कराते हुए देखा गया। कुछ लोगों को दो महिलाओं को खेत की ओर खींचते और उनके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करते देखा जा सकता है। 18 मई को दर्ज की गई एफआईआर में पीड़ितों ने ये भी आरोप लगाया था कि पीड़ितों में सबसे छोटी, 20 वर्षीय महिला के साथ गैंगरेप भी किया गया था।

### भीड़ ने किया था गांव पर हमला

शिकायत में उन्होंने कहा था कि 4 मई को कांगपोकपी जिले में उनके गांव बी। फाइनोम पर भीड़ ने हमला कर दिया था। लोगों के घर जलाए गए और लूटपाट की गई। जिसके बाद वे अपनी जान बचाने के लिए जंगल में भाग गए थे। बाद में उन्हें थौबल पुलिस ने बचाया और पुलिस स्टेशन ले जाया जा रहा था, लेकिन भीड़ ने उन्हें रास्ते में रोक दिया और थाने से लगभग दो किलोमीटर दूर पुलिस हिरासत से अपने साथ ले गए।

**दरिंदगी का विरोध करने पर पिता-भाई की हत्या:** इसके बाद भीड़ ने पहले एक महिला के पिता और फिर उसके भाई की हत्या कर दी। पिता-भाई ने महिला के साथ हो रही दरिंदगी का विरोध किया था। इसलिए भीड़ ने निर्ममता से उनको मौत के घाट उतार दिया। फिर तीनों महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया।

# मोदी सरनेम केस, राहुल की याचिका पर सुनवाई आज

**सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो 2031 तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे राहुल गांधी**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**अहमदाबाद।** मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज जस्टिस बीआर गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच सुनवाई करेगी। राहुल ने 15 जुलाई को मामले की अर्जेंट सुनवाई की याचिका लगाई थी। कोर्ट ने 18 जुलाई को स्वीकार कर लिया था। उनसे पहले राहुल पर केस करने वाले भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने भी कैविएट दाखिल कर- के अपील की थी, उन्हें सुने बिना केस में फैसला न लिया जाए। राहुल गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी पेश होंगे। अगर राहुल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली तो वह 2031 तक कोई चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नियम है कि सजा पूरी होने के छह साल बाद तक चुनाव लड़ने पर रोक रहती है। ऐसे में 2 साल की सजा और उसके बाद 6 साल 2031 में पूरे होंगे। मानहानि केस में 23 मार्च 2023 को सूरत की सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद राहुल की सांसदी चली गई थी।राहुल गांधी इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट गए थे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिए जाने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस हेमंत प्रच्छक ने कहा था, 'राहुल के खिलाफ कम से कम 10 क्रिमिनल केस पेंडिंग हैं। इस केस के अलावा उनके खिलाफ कुछ और केस फाइल किए गए हैं। एक तो वीर सावरकर के पोते ने दायर किया है।

किसी भी हाल में सजा पर रोक नहीं लगाना अन्याय नहीं है। इस केस में सजा न्यायोचित और उचित है। राहुल गांधी ऐसे आधार पर सजा पर रोक की मांग कर रहे हैं, जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। सूरत कोर्ट के फैसले में दखल की आवश्यकता नहीं है। याचिका खारिज की जाती है।' 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने मानहानि केस में राहुल की 2 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा- इस केस के अलावा राहुल के खिलाफ कम से कम 10 केस पेंडिंग हैं। ऐसे में सूरत कोर्ट के फैसले में दखल देने की जरूरत नहीं है।

# बीजेपी बोली-झूठे दावों से कांग्रेस बनी झूठ बोलने में नम्बर-एक

**घोषणा पत्र पूरा होता तो जनता में आक्रोश नहीं होता, डोटासरा ने कहा था 94प्रतिशत वादे पूरे हुए**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के दावों पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा है कि झूठे दावों से अब कांग्रेस झूठ बोलने में भी नम्बर-1 बन गई हैं। बीजेपी प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र के वादे पूरे होते तो प्रदेश की जनता मे सरकार के खिलाफ इतना आक्रोश नहीं होता।भजनलाल शर्मा ने कहा कि शायद कांग्रेस के नेताओं ने अपना घोषणा पत्र ढंग से नहीं पढ़ा। अगर पढ लेते तो 94 प्रतिशत से अधिक वादे पूरे करने की बात नहीं कहते। दरअसल आज पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा था कि कांग्रेस सरकार ने घोषणा पत्र के 94 प्रतिशत से ज्यादा वादों को पूरा कर दिया है।उन्होंने कहा प्रदेश में लगातार बिजली के बढ़ते दामों से जनता त्रस्त है। युवाओ को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। किसानों का ऋण माफ नहीं हुआ। प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित और अपराध चरम पर है।राजस्थान सबसे महंगे पेट्रोल-डीजल वाले प्रदेशों में शामिल है। उन्होंने कहा कांग्रेस के घोषणा पत्र की घोषणाओं में से अगर दस प्रतिशत भी पूरी हो जाती तो आज राजस्थान को देश के सामने शर्मिंदा नहीं होना पड़ता।

**केन्द्र सरकार शिलान्यास व लोकार्पण एक ही कार्यकाल में करती है:** पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने कहा था कि बीजेपी के 2014 और 2019 के घोषणा पत्र की 9 प्रतिशत घोषणाएं भी पूरी नहीं हुई हैं। इसका जवाब देते हुए प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार सिर्फ खोखली घोषणाएं नहीं करती हैं। केन्द्र सरकार में शिलान्यास और लोकार्पण एक ही कार्यकाल में होता है। केन्द्र की मोदी सरकार की प्रशंसा तो पूरे विश्व में हो रही है। ब्रिटेन जैसे देश को पछाड़कर भारत आज पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं मुख्यमंत्री प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कितने पायदान नीचे ले आए है। यह बताने की जरूरत नहीं है, आंकडे बोलते है।

**श्रीगंगानगर,हनुमानगढ़ सहित 5 जिलों के जिला अध्यक्ष बदले**

## सीपी जोशी ने नई टीम के बाद बदले जिलाध्यक्ष

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने अपनी नई टीम के एलान के बाद आज प्रदेश के 5 जिलों के जिला अध्यक्ष बदल दिए। सीपी जोशी ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, सिरोही और चित्तौड़गढ़ में नए जिला अध्यक्षों का एलान कर दिया है। विधानसभा चुनावों के मद्देनजर नए जिला अध्यक्ष लगाए गए हैं।श्रीगंगानगर में शरणपाल सिंह, हनुमानगढ़ में देवेन्द्र पारीक, भीलवाड़ा में प्रशांत मेवाड़ा, सिरोही में सुरेश कोठारी और चित्तौड़गढ़ में मिठूलाल जाट को जिला अध्यक्ष बनाया गया हैं।

**जयपुर सहित बड़े जिलों के भी बदलेंगे जिला अध्यक्ष:** करीब 18 दिन पहले सीपी जोशी ने प्रदेश में अपनी नई टीम का एलान किया था। जिसमें सीपी ने 29 पदाधिकारियों को शामिल किया था। तभी से जिला अध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही थी। लेकिन आज केवल 5 जिलों के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए है। अभी जयपुर सहित बड़े जिलों के जिला अध्यक्ष बदलना सीपी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं। बीजेपी में संगठन के लिहाज से 44 जिले हैं। ऐसे में अभी भी 39 जिलों में से अधिकतर में जिला अध्यक्ष बदले जाने है। जिसमें से कुछ की लिस्ट जल्दी आने की संभावना हैं।

## जयपुर में भूकंप
## 16 मिनट में 3 झटके





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर शुक्रवार को भूकंप से हिल गई। यहां सुबह 4 बजकर 9 मिनट से 4 बजकर 25 मिनट के बीच 3 झटके महसूस किए गए। फिलहाल भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलोजी के अनुसार तीन झटके आए हैं। भूकंप का पहला झटका 4:09 पर आया, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। दूसरा झटका 4:22 पर आया, जिसकी तीव्रता 3.1 और तीसरा झटका 4:25 पर आया, जो 3.4 तीव्रता का था।स्थानीय लोगों ने बताया कि 'एक के बाद एक भूकंप के झटके महसूस किए। विस्फोट जैसी आवाज सुनाई दी।' लोग डर की वजह से सुबह 4 बजे घरों और अपार्टमेंट्स से बाहर निकल आए।मानसरोवर इलाके के शिप्रा पथ स्थित यूनिक प्राइम अपार्टमेंट में रहने वाले गौरव बहादुर थापा ने बताया कि बहुत जोर से बिल्डिंग हिलने की आवाज आई। ऐसा लगा जैसे जहाज गिर रहा है। विद्याधर नगर में रहने वाले बुजुर्ग रामस्वरूप अग्रवाल ने बताया कि जयपुर में इससे पहले भी झटके महसूस किए हैं, लेकिन इतना तेज भूकंप पहली बार देखा है।

**विधानसभा और सरकार को हजारों ग्रामीणों की पीड़ा से कराया रूबरू**

# सदन में अपने क्षेत्र के 44 गांव का झंडा गाढ़ा विधायक 'अवाना' ने

**सदन में अवाना की भाषण प्रस्तुति को सभी सदस्यों ने सराहा**

सितारा न्यूज नेटवर्क

राजनीतिक संवाददाता

**जयपुर/नदबई।** वे जितने सौम्य सरल और मिलनसार दिखते हैं, उतने ही अपने क्षेत्र के विकास के विकास और लोगों के कल्याण के लिए खुद को हमेशा समर्पित भी रखते हैं, वे जितने शांत हैं, जरूरत पड़ने पर आक्रामक भी बन जाते हैं और अपने ओजस्वी भाषण से न केवल विरोधी दल के नेताओं की जुबान बंद कर देते हैं बल्कि राजस्थान विधानसभा में भी अपने भाषण से सबको सबको मंत्रमुग्ध कर देते हैं, जी हां, यहां बात हो रही है देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष और नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की।

अवाना ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में अपने निर्वाचन क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की पीड़ा का दर्द जिन लफ्जों में बयां किया उससे यह बात तो अब हर किसी को समझ आ ही जाएगी कि आखिर क्यों नदबई के लोग उन्हें विकास पुरुष के नाम से संबोधित करने लगे हैं, सदन में अवाना की भाषण प्रस्तुति का अंदाज देखने लायक था, उन्होंने लखनपुर को तहसील बनाने के पीछे जो बड़े-बड़े कारण गिनाए, उन कारणों को ना विधानसभा खारिज कर सकती है, ना ही राजस्थान सरकार इसलिए उम्मीद की जा सकती है कि अवाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लखनपुर को भी तहसील का दर्जा आखिरकार दिला देंगे क्योंकि विगत 4 साल में यही देखने को मिला है कि अवाना ने जो भी मांग अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री से की उस मांग को गहलोत ने स्वीकार किया ही, अवाना ने विधानसभा में लखनपुर को उप तहसील से तहसील में क्रमोन्नत किए जाने की पुरजोर मांग की, उन्होंने सदन को अवगत करवाया की लखनपुर उप तहसील में 15 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें 44 गांव आते हैं और इन गांव में हजारों की संख्या में ग्रामीण रहते हैं, उन्होंने बताया कि लखनपुर और नदबई का फासला काफी लंबा है, तहसील से जुड़े काम के लिए इन ग्रामीणों को लंबा फासला तय कर- के लखनपुर से नदबई जाना पड़ता है जिसकी वजह से निर्धन गरीब और किसान वर्ग से जुड़े लोगों पर यात्रा का खर्चा तो अधिक पड़ता ही है इसके अलावा कई बार छोटे छोटे काम के लिए भी लखनपुर और नदबई के कई चक्कर काटने पड़ जाते हैं जिसकी वजह से उन्हें शारीरिक, मानसिक आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है, उन्होंने सदन को यह भी बताया कि लखनपुर तहसील बनने की सभी शर्तें पूरी करता है इसलिए सरकार को ग्रामीणों की इस मांग को पूरा करने में किसी भी तरह की कोई अड़चन का सामना करना नहीं पड़ेगा, उन्होंने यह भी बताया कि लखनपुर को तहसील बनाने की मांग के संदर्भ में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, सरपंच व वार्ड पंचों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर उन्हें, संबंधित विभाग और संबंधित मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है, उन्होंने सदन को यह भी बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हमेशा ग्रामीणों की समस्याओं को सुलझाने के लिए तत्पर रहते हैं और उनके इलाके की गांव से जुड़ी बड़ी-बड़ी समस्याओं का सरकारी स्तर पर निदान भी करवाया है इसलिए उन्हें इस बात की पूरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनकी इस मांग को भी पूरा करेंगे।

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी




**नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना**

**पूरे भरतपुर संभाग में नदबई विधानसभा क्षेत्र में ही संपादित हुए सबसे ज्यादा विकास का**

भरतपुर की राजनीति की अच्छी समझ रखने वाले लोगों और राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि पूरे भरतपुर संभाग में विगत 4 साल में विधानसभा वार हुए विकास कामों के लेखे जोखे की बारीकी से समीक्षा करें तो सबसे ज्यादा विकास के काम नदबई विधानसभा क्षेत्र में ही होने की बात सामने आ रही है, बड़े पैमाने पर हुए विकास कामों के बारे में राजनीतिक विश्लेषक प्रदेश में गहलोत सरकार के अस्तित्व पर आए संकट के समय जोगिंदर सिंह अवाना ने बसपा के अन्य विधायकों को सरकार के साथ जोड़ा रखा और अशोक गहलोत के साथ कदम से कदम मिलाकर सरकार का सहयोग करते रहे हालांकि बसपा के सभी विधायक अब कांग्रेस पार्टी में हैं लेकिन बसपा से कांग्रेस पार्टी में आए सभी विधायकों में अवाना ही अकेले ऐसे शख्स हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने व्यवहार और कार्यशैली से काफी प्रभावित किया जिसकी वजह से गहलोत ने भी नदबई विधानसभा क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए सरकारी तिजोरी को पूरी तरह से खोल दिया और अवाना ने विगत 4 साल में सरकार से अपने क्षेत्र के लिए जो भी मांग की, सभी मांगों को गहलोत ने बिना देरी किए स्वीकार किया उसी का नतीजा है कि आजादी के बाद से मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे उज्जैन और नदबई इलाकों में दर्जनों बड़े-बड़े विकास काम संपादित हुए, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली, कानून व्यवस्था, पुलिस, कृषक, पशुपालन, उद्योग इत्यादि विभागों में दर्जनों बड़े-बड़े नहीं विकास काम शुरू हुए, उज्जैन इलाके में ही करीब ढाई दर्जन से ज्यादा नए सरकारी दफ्तर खुले हैं इसी तरह नदबई इलाके में भी बड़े-बड़े अहम विकास काम विगत 4 साल में हुए यही वजह है कि क्षेत्र के लोग अवाना को विकास पुरुष कहते हैं तथा राजनीतिक विश्लेषक भी और सबूतों के साथ दावा करते हैं कि पूरे संभाग में नदबई इलाके में ही विगत 4 साल में सबसे ज्यादा विकास काम हुए।

## अजमेर-92 आज रिलीज, कैसे खुला ब्लैकमेलिंग कांड




जयपुर। फिल्म अजमेर 92 आज रिलीज हो रही है।इसकी कहानी देश के सबसे बड़े रेप स्कैंडल पर बेस्ड है, जो राजस्थान के अजमेर में हुआ था। करीब 250 लड़कियों को उनके आपत्तिजनक फोटो और वीडियो से ब्लैकमेल कर महीनों तक रेप किया गया। इस कांड में अजमेर के रसूखदार लोग शामिल थे। जब 1992 में इसका खुलासा हुआ तो पूरा देश सन्न रह गया था।

इस स्कैंडल पर सबसे पहले खबर वहां के अखबार दैनिक नवज्योति ने छापी थी, जिसके बाद लोगों को इस घिनौने अपराध के बारे में पता चला। 1992 में दैनिक नवज्योति के चीफ एडिटर दीनबंधु चौधरी थे। एक रिपोर्टर की लाई पहली खबर से ही उन्होंने इस कांड की परतें खोली थीं।अजमेर 92 की रिलीज के मौके पर हमने इस केस के खुलासे के पीछे की कहानी जानने के लिए उन्हीं से बात की। दीनबंधु चौधरी ने हमें बताया कि कैसे एक रिपोर्टर की खबर से इस पूरे कांड का खुलासा हुआ।

### स्कैंडल के बारे में कब पता चला?

1992 में हमारे एक रिपोर्टर संतोष गुप्ता थे। वो एक खबर लेकर आए और उसे पब्लिश की, लेकिन उस खबर पर किसी का ध्यान नहीं गया, जबकि वो बहुत ही सीरियस खबर थी। फिर वो मेरे पास आए और इस स्कैंडल के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने मुझे बताया- अजमेर के अनाज मंडी में एक भरोसा लेबोरेटरी थी। वहां पर फिल्म्स के निगेटिव पर काम होता था। उसी लैब के पास मैं खड़ा था तभी एक शख्स आया और 4 रील खरीदी, लेकिन उस रील के बदले उसने चौगुना पैसा दिया। ये देखकर मैं हैरान रह गया और सोचने लगा कि उस रील में क्या खास था? वहां पर मेरे साथ एक दोस्त था, उससे मैंने इसके पीछे की कहानी जाननी चाही। पहले तो उसने मना कर दिया, लेकिन मेरी जिद की वजह से उसने 4 रील मुझे दे दी। जब मैंने वो रील देखी तो उसमें लड़कियों के रेप वीडियोज और फोटोज थीं।

जब यह सब मैंने सुना तो रिपोर्टर संतोष से कहा कि वो इसी न्यूड फोटोज को खबर में छाप दें। मैंने ऐसा कदम इसीलिए उठाया क्योंकि ऐसे भयानक स्कैंडल को खत्म करने के लिए ये जरूरी था। हालांकि फोटोज में जो प्राइवेट पार्ट थे, उन पर हमने काली पट्टी लगाकर बाकी सब छाप दिया था।

अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023


| पूर्वानुमान> | | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|---|
| 26° | अधिकतम> | 31°c | 30°c | 29°c | 30°c |
| | न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

# विधानसभा 'आवासन मंडल' को 'शाबाशी' देने में क्यों बरत रहा कंजूसी... ?

## दुनिया के कई मुल्कों ने जब बड़े पुरस्कार दे दिए तो फिर घरवाले ही 'मंडल' की हौसला अफजाई क्यों नहीं कर रहे



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**विधानसभा संवाददाता**

**जयपुर।** काश ! राजस्थान विधानसभा के चालू सत्र में अभूतपूर्व श्रेष्ठ कामों के लिए दुनिया के कई मुल्कों की तरह सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य मेज थपथपा कर राजस्थान आवासन मंडल को शाबाशी दे देते तो कितना अच्छा होता, काश !विपक्ष खुद आगे बढ़कर सदन में आवासन मंडल के लिए शाबाशी देने की पहल करें तो कितना अच्छा हो, काश आज भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया सदन में पहुंचे तो वे निश्चित रूप से विपक्ष के नेता की भूमिका की जिम्मेवारी समझते हुए बिना किसी लाग लपेट और राजनीतिक प्रतिद्वंदिता रखे बिना आवासन मंडल को जरूर उसके अच्छे कामों के लिए शाबाशी देते, मौका भी है और दस्तूर भी है... अब भी सदन में बैठने वाले बड़ा दिल दिखाएं तो चाहे 1 मिनट के लिए ही सही अगर पूरा सदन सामूहिक रूप से आवासन मंडल के उसके चमत्कारिक प्रदर्शन के लिए मेज थपथपा दे तो फिर देखिए इतने शानदार तरीके से राजस्थान के ब्यूरोक्रेसी ऑफिसर और कर्मचारी भविष्य में कितनी ऊर्जा और तन्मयता के साथ सरकार की ओर से दी जाने वाली जिम्मेवारी को निभाते हैं, सदन को पहल तो करनी ही पड़ेगी चाहे सदन को नई परिपाटी ही डालनी पड़े लेकिन अगर कोई सरकारी विभाग और ऑफिसर ऐतिहासिक चमत्कारिक प्रदर्शन करता है तो फिर निश्चित रूप से ऐसे ऑफिसर और विभाग के लिए सदन में तालियां की गड़गड़ाहट तो होनी ही चाहिए, हालांकि सदन में कई बार देखा गया जब गुलाबचंद कटारिया जैसे नेता विपक्ष की गैलरी में बैठे रहते थे तब भी वे बिना किसी राजनीतिक प्रतिद्वंदिता से ईर्ष्या रखें अच्छे काम करने वाले ऑफिसर का नाम अपनी जुबान पर लाते ही थे, वर्तमान में कटारिया सदन का हिस्सा नहीं है आसाम के राज्यपाल के संवैधानिक पद पर विराजमान हैं लेकिन अब भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में कई बड़े सीनियर विधायक मौजूद हैं जो यह जानते और समझते हैं कि राजस्थान आवासन मंडल ने विगत 4 साल में चमत्कारिक प्रदर्शन किया है लेकिन अभी तक किसी ने राजस्थान आवासन मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों की हौसला अफजाई के लिए अपना बड़ा दिल नहीं दिखाया जिससे कहीं ना कहीं गुलाब चंद कटारिया जैसे नेता की याद दिला ही देता है।

## विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ पर टिकी है सबकी निगाहें



शासन सचिवालय के गलियारों और आमजन में चर्चा है कि सदन में वर्तमान में विपक्ष की भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी जब 5 साल पहले प्रदेश में सत्ता में थी उस समय राजस्थान आवासन मंडल की कंगाली और दुर्दशा को देखकर मंडल के दफ्तर के ताला लगाने की तैयारी कर रही थी लेकिन प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार का गठन होने और आवासन मंडल की कमान पवन अरोड़ा के हाथ में आने के बाद विगत 4 साल में आवासन मंडल की तिजोरी में करीब 10 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा जमा हो चुके हैं जबकि 5 साल पहले तिजोरी पूरी तरह से खाली थी, विगत 4 साल में मंडल की ओर से जयपुर, कोटा जोधपुर अजमेर बीकानेर सहित प्रदेश के कई अन्य बड़े शहरों में कई बड़े बड़े प्रोजेक्ट तैयार करके जनता को समर्पित किए गए यह सभी प्रोजेक्ट लोगों को खूब पसंद आए जबकि 5 साल पहले मंडल के प्रोजेक्टों को खरीदना तो दूर लोग देखते तक नहीं थे, मंडल के किसी चमत्कारिक प्रदर्शन को देखकर दुनिया के कई विकसित देशों की टीमें लगातार मंडल के दफ्तर में आई और मंडल के कामकाज को देखा-सराहा, प्रोजेक्टों को देखा और सराहा, इस प्रदर्शन के लिए दुनिया के कई मुल्कों ने मंडल को कई बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी दिए, इतना सब कुछ जगजाहिर होने के बाद भी राजेंद्र सिंह राठौड़ जैसे सीनियर नेता जो सदन में विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं वे अगर सिर्फ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के चलते ही मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को शाबाशी नहीं दे तो क्या यह उचित है ? कम से कम यहां तो राठौड़ को बड़ा दिल दिखाना ही पड़ेगा और आगे बढ़कर सदन में आवासन मंडल की पूरी टीम को शाबाशी तो देनी ही चाहिए।

## स्पीकर डॉ. सीपी जोशी का कार्यकाल रहा ऐतिहासिक लेकिन पहल करने की जिम्मेवारी सत्ता पक्ष और विपक्ष की



विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी काफी वरिष्ठ और अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं और पूर्व में केंद्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री और राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं इसके अलावा राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष पद की बागडोर भी संभाल चुके हैं, जोशी का लंबा राजनीतिक अनुभव है और वे प्रखर वक्ता होने के साथ-साथ सदन के अंदर और सदन के बाहर सच बोलने में भी किसी से नहीं डरते, सदन में वर्तमान में भी अगर कोई सत्ता पक्ष का सीनियर विधायक या फिर कोई मंत्री सदन की मयार्दा के खिलाफ बोलता है या अपना व्यवहार दिखाता है तो उसे डांट फटकार लगाने में भी जोशी बिल्कुल भी देरी नहीं करते, जनता के हित में सदन में किसी विषय पर बहस करवाने में भी हमेशा आगे रहते हैं, स्पीकर के पद के तौर पर उनका कार्यकाल ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहा है लेकिन यहां पर राजस्थान आवासन मंडल को शाबाशी देने संबंधी पहल तो कम से कम सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों में से किसी को एक को ही करनी पड़ेगी, अगर दोनों में से कोई एक भी आवासन मंडल को सदन में शाबाशी देने संबंधी कोई पहल करें तो निश्चित रूप से डॉक्टर सीपी जोशी उस प्रस्ताव को स्वीकार करने में बिल्कुल भी नहीं करेंगे।

## गहलोत-धारीवाल आवासन मंडल की खुलकर करते हैं तारीफ



मुख्यमंत्री गहलोत ने कई बार सार्वजनिक सभाओं और सरकारी मीटिंग में राजस्थान आवासन मंडल के कामकाज की खूब तारीफ की है, गहलोत मंडल के आयुक्त पवन अरोड़ा की कार्यशैली, काम करने के तरीकों ईमानदारी, और कर्मठता अक्सर गहलोत दिल खोलकर तारीफ करते रहते हैं प्रदेश की यूडीएच मिनिस्टर और राजस्थान आवासन मंडल के अध्यक्ष शांति धारीवाल ने भी विगत 4 साल में मंडल के कामकाज में कभी भी किसी भी डिस्टरबेंस पैदा नहीं किया और अरोड़ा को पूरी तरह से फ्री हैंड दिया लेकिन अगर राज्य सरकार खुद सदन में आवासन मंडल को शाबाशी देने संबंधी कोई कदम उठाती है तो वह ज्यादा अच्छा नहीं लगेगा क्योंकि विपक्ष यह सोचेगा की सरकार खुद की वाहवाही लूट रही है इसलिए हो सकता है यही सोचकर सरकार चुप हो लेकिन प्रदेश की पब्लिक तो यही चाहती है कि सदन में एक बार अच्छे कामों के लिए राजस्थान आवासन मंडल को याद किया ही जाए।

## पंचाग

दिनांक:21जुलाई 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | तृतीया | 06:57:47 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | मघा | 13:56:39 |
| योग | व्यतिपत | 12:22:20 |
| करण | गर | 06:57:47 |
| करण | वणिज | 20:12:16 |
| चन्द्र राशि | सिंह | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय( जयपुर ) | | 05:46:35 |
| सूर्यास्त | 19:19:42 | |
| चंद्रोदय | 08:37:21 | |
| चंद्रास्त | 21:49:20 | |
| राहू काल | 10:52 - 12:33 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 05:47 - 07:28 | शुभ |
| लाभ | 07:28 - 09:10 | शुभ |
| अमृत | 09:10 - 10:52 | शुभ |
| शुभ | 12:33 - 14:15 | शुभ |
| चर | 17:38 - 19:20 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## लक्ष्मणगढ़ में बैंक आफ बड़ौदा ने अपना 116वा स्थापना दिवस मनाया



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**सीकर।** बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ क्क्क ने 20 जुलाई 1908 को गुजरात के बड़ौदा रियासत में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना की थी. इस वर्ष बैंक ऑफ बड़ौदा का 116वां स्थापना दिवस है इस बैंक का अन्य 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंको के साथ 19 जुलाई, 1969 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीयकरण कर दिया गया ।बैंक मुख्य प्रबंधक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वा स्थापना दिवस पर लक्ष्मणगढ़ के वार्ड नं 1 में मनाया गया है।इस कार्यक्रम के दौरान महात्मा गाधी राजकीय




विद्यालय में टिफिन बॉक्स वितरण किया गया।

बोले कि आज हम आपको अपनी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देते हैं, क्योंकि आपने ही इसे संभव बनाया है। इस कार्यक्रम में बैंक आफ बड़ौदा लक्ष्मणगढ़ शाखा के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार पाण्डेय, सीनियर मैनेजर विजेन्द्र भास्कर तथा अन्य बैंक स्टाफ उपस्थित रहें।

## अवैध शराब के खोखे के संचालन के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**






**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार।** क्षेत्र में इन दिनों शराब माफिया बेखोफ नजर आ रहे हैं, उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा में अवैध शराब के खोखे के संचालन को लेकर गुरुवार को दर्जनों ग्रामीण व महिलाओं ने उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम सुनील कुमार को ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत चतरपुरा में स्थित ढाणी परशुराम वाली, टीबा वाली, शहीदों/ शेरू वाली ढाणी में कालूराम कीर द्वारा प्रशासन की मिलीभगत से मंदिर और बच्चो की स्कुल के पास परचून की दुकान की आड़ में अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब बेचीं जा रही है। जहाँ पर यह शराब का खोखा धडल्ले से चल रहा है, वहां पर दिन-रात शराबियो का जमावड़ा रहता है। जिससे मंदिर, स्कूल के छात्र- छात्राओं, गांव की बहिन बेटी व सभ्य लोगों को आने-जाने में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है, साथ ही हमेशा लड़ाई- झगड़े की आशंका बनी रहती है। जो कि ग्रामीण महिलाओं का आवागमन का मुख्य रास्ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की अवैध रूप से संचालित खोखे को जल्द नही हटाया गया तो आन्दोलन किया जायेगा। इस मौके पर सोनू मेहरा, गिर्राज, अमर सिंह, आंची देवी, रामचंद्र मेहरा, मदन लाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बाइक लूटकर भागे 4 बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

**धौलपुर।** धौलपुर की कोतवाली और सदर थाना पुलिस ने लूट की वारदात का खुलासा कर चंबल के बीहड़ से 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन बदमाशों से 3 बाइक को जब्त किया है। इस दौरान एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। बुधवार देर रात कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि टोटरी निवासी निरंजन ठाकुर धौलपुर से बाड़ी रोड पर जा रहा था। इस दौरान सदर थाना क्षेत्र में विश्नोदा गांव के पास 2 बाइक पर आए 5 बदमाशों ने उससे बाइक छीन ली और धौलपुर की तरफ भाग गए।

## सकल जैन समाज के लोगो ने प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

*जैन मुनियों की हत्या,जैन मुनियों के हो रहे एक्सीडेंट और जैन मंदिरों पर हो रहे कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन*



**मंडावर --(राहुल जोशी)** । सकल जैन समाज के लोगो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा । ज्ञापन के जरिये सकल जैन समाज ने जैन मुनियों की हत्या,जैन मुनियों के हो रहे एक्सीडेंट, जैन मंदिरों पर हो रहे कब्जे सहित हाल ही में दिगंबर संत आचार्य कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या पर आक्रोश सहित उन अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। ज्ञापन में जैन समाज मंडावर ने प्रमुख जैन मुनि काम कुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या के संदर्भ में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर पूछा गया कि जैन संत काम कुमार नंदी महाराज ने ऐसा क्या किया जिसके कारण उनकी हत्या की गई। उनके शरीर के कई टुकड़ों को बोरवेल में डाल दिया गया जो कि हत्यारों द्वारा किया गया घोर अपराध है। जैन समाज ने मांग की है की हत्यारों को शीघ्र पकड़कर सजा दिलवाई जाए एवं भारत में जगह जगह पर जैन मंदिरों से संबंधित क्षेत्रों पर जो अतिक्रमण व अवैध कब्जे हैं उन पर रोक लगाई जाए। जैन संतों की सुरक्षा हेतु विशेष प्रबंध करवाने की मांग की है। इस अवसर पर अशोक जैन, संजय जैन, राकेश जैन, श्याम जैन, शशीकांत जैन, पारस जैन, महेश, पदम जैन, पवन, सुरेश सहित जैन समाज की अनेकों महिलाएं उपस्थित रही।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली ने एमआर होम एवं छात्रावासों का किया शिलान्यास व लोकार्पण







**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**युवराज शर्मा/अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली द्वारा सामाजिक न्याय संकुल जामडोली में राजकीय देवनारायण बालिका महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास एवं राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास गोनेर जयपुर का लोकार्पण एवं मानसिक विमंदित महिला विंग, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह (पुरुष एवं महिला) तथा ईडब्ल्यूएस छात्रावास का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही राज्य में 548 छात्रावासों की रसोई के आधुनिकीकरण का वर्चुअल लोकार्पण भी किया गया।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पहल करते हुए छात्रावासों के नवीनीकरण के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है, जिससे विभागीय छात्रावासों की मैस व्यवस्था का आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ीकरण के तहत एलईडी टीवी, कम्प्यूटर मय प्रिंटर, स्टील रैक, डीप फ्रिजर, रेफ्रिजरेटर, किचन गीजर, मिक्सर ग्राइंडर, डायनिंग टेबल सेट, गैस चूल्हा/भट्टी एवं बर्तन आर ओ आदि सम्मिलित है।

### जूली ने किया वृक्षारोपण

इस अवसर पर जूली द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने जामडोली परिसर स्थित किए जा रहे विभिन विकास कार्यों का अवलोकन किया और बच्चों को पौधे भी भेंट की।

### बच्चों के साथ खाया खाना

टीकाराम जूली ने शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात नवनिर्मित छात्रावास के बच्चों के साथ खाना खाया और उन्हें खाना परोसा भी। उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी भी खींची।

### मानसिक एवं विमंदित गृह के बच्चों के बैंड वादन लिया आनंद

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने जामडोली स्थित मानसिक एवं विमंदित गृह के बच्चों द्वारा बैंड वादन का भी आनंद लिया उन्होंने बच्चों से गाने सुने और उनको सराहा।इस अवसर पर डॉ समित शर्मा शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, श्री प्रहलाद सहाय नागा, अतिरिक्त निदेशक (छात्रवृत्ति एवं छात्रावास), श्रीमती रीना शर्मा अतिरिक्त निदेशक (पिछड़ी जाति) एवं विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बच्चे उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

त्रिवेणी कार्यक्रम हुआ संपन्न

## 'स्कूल चले हम' गीत पर झूमे दिव्यांग बच्चे





दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)** । राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल में त्रिवणी कार्यक्रम ( बैंक ऑफ बड़ोदा का 116वां स्थापना दिवस, संस्था आरएमकेएम का 48वां स्थापना दिवस व प्रवेशोत्सव) मनाया गया जिसमे बड़ोदा बैंक द्वारा विद्यालय के अध्यनरत 150 बच्चो के लिए स्कूल बेग तथा 5 दरिया व 8 दरीपट्टिका भेंट की गयी एवं बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पारसमल पंच जैन (सचिव कांग्रेस कमेठी) व कार्यक्रम की अध्यक्षता विपुल बिरानी (मुख्य प्रबंधक-बैंक ऑफ बड़ोदा) व कमलेश मीणा (शाखा प्रबंधक- बैंक ऑफ बड़ोदा) द्वारा की गयी और तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रकाश भूतड़ा, अर्चना (प्राचार्या- सी.से.स्कूल. फतेहपुरिया) अमित खरबंदा (एस.एस.आई. ब्रांच), राहुल, रामलखन, रामस्वरूप , विक्रम सिंह रोनक श्रीश्रीमाल सहित अभिभावकों ने शिरकत की और अतिथियों द्वारा विद्यालय के नवप्रवेशी 30 छात्रो का तिलक चन्दन लगाकर स्वागत किया गया और रणसिंह चीता द्वारा सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया ।

## भिखाहेडी के सरकारी सीनियर स्कूल में वृक्षारोपण उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

### कार्यक्रम के दौरान लगाए गए 311 पौधे*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी थानान्तर्गत खेड़ा मंगल सिंह पंचायत के गाँव भिखाहेडी के रा.उ.मा.वि. भीखाहेडी में वृक्षारोपण किया गया मोहनसिंह बागड़ी भाजपा जिला उपाध्यक्ष व स्थानीय सरपंच तथा ग्रामीण समस्या समाधान संस्थान के तहसील अध्यक्ष सुभाष मीमरोट भीखाहेडी कैलाश राम रतन किशोरी देशराज तथा समस्त विद्यालय परिवार के साथ 311 पेड़ो का पौधरोपण किया गया। इसके अलावा भिखाहेडी सरपंच के द्वारा विधालय में इंटरलॉकिंग लगभग 700 फिट के निर्माण की घोषणा भी की गई।

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शर्मा के जन्मदिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम



**बस्सी(रामफूल मीणा)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा दुगार्पुरा के जन्मदिवस 22 जुलाई को होने वाले विशाल रक्तदान शिविर ,आंखों की जांच व ऑपरेशन तथा सम्पूर्ण हेल्थ चेक -अप के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला श्री जी बैनाड़ा धाम बस्सी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई ।इस दौरान समाज के युवाओं को कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी गई और कहा गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा हमें 22 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है ।इस दौरान , रोहित शर्मा खेड़ी ,सुनील शर्मा रजवाड़ा पैलेस, मुकेश शर्मा भांकरोटा एमआरएफ , विक्रम बडगोती , विकास शर्मा पालावाला,सियाराम शर्मा , पवन शर्मा बिरासना, संजू तिलपट्टी, राजेंद्र कालवानियां, रोहित शर्मा, विनोद शर्मा,ओमप्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा सहित अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

## विराट अग्रमहाकुंभ की तैयारी को लेकर बांटे पीले चावल



**मंडावर (राहुल जोशी)।** प्रधान प्रत्याशी व पंचायत समिति सदस्य पूजा गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन दिल्ली के द्वारा विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित अग्र महाकुंभ को सफल बनाने के लिए घर-घर पीले चावल बांटकर संपर्क किया। वही मंडावर से हर परिवार से एक महिला को जयपुर ले जाने के लिए तैयार किया। जिसमें करीब 250 महिलाओं को ले जाने का लक्ष्य रखा। पूजा गुप्ता ने बताया की यहां पर युवाओं में तथा महिला में जयपुर जाने के लिए अति उत्सुकता देखी गई। जनसंपर्क में वंदना सिंघल, सुनीता सिंघल, मंजू मित्तल, सहित दर्जन महिलाओं ने घर घर जाकर पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया।

### पांच बत्ती से सर्व समाज के नेतृत्व में विशाल रैली पहुंची उपखण्ड कार्यालय

# कर्नाटक में हुई जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध में सम्पूर्ण ब्यावर रहा बंद, पूर्ण सफल रहा बंद

### सर्व समाज के लोगों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन







### रैली में साधु संतो पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान,.....महावीर का यह संदेश जिओ ओर जीने दो......संतो के हत्यारो को फांसी दो फांसी दो के लगे नारे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** जैन एकता मंच के अध्यक्ष संजय नाहर ने बताया कर्नाटक में हुई जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध में एवं सम्पूर्ण भारत में विचरण करने वाले सभी धर्मो के साधु-संतो साध्वियों की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगो को लेकर सम्पूर्ण राजस्थान बंद के क्रम में गुरुवार को ब्यावर बंद का आह्वान किया गया है। मंच के मिडिया प्रभारी विमल मकाणा ने बताया की ब्यावर बंद को सफल बनाने के लिए सम्पूर्ण समाज बन्धुओ व ब्यावर वासियों की अलग अलग टीम बना कर अलग अलग एरिये मे दो पहिये वाहन से घूम घूम कर सभी दुकानदारों से विनम्रता पूर्वक आग्रह करके बंद के लिए निवेदन किया गया यह ब्यावर बंद सकल जैन समाज, जैन एकता मंच व सर्व समाज के तत्वाधान मे आयोजन किया गया मंच के महासचिव महावीर बाफना व दिगंबर समाज के अध्यक्ष धमीचंद रावका ने बताया की बंद के दौरान पांच बत्ती से सर्व समाज के व्यक्तियों




के नेतृत्व मे विशाल रैली के रूप मे उपखण्ड कार्यालय मे पहुंचा वहा उपखण्ड अधिकारी को एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री महोदय केंद्रीय ग्रहमंत्री सहित मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन मे जैन एकता मंच, सकल जैन समाज व सर्व समाज द्वारा ज्ञापन मे अपनी विभिन्न मांगो को लेकर....साधु संतो पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान,.....महावीर का यह संदेश जिओ ओर जीने दो......संतो के हत्यारो को फांसी दो फांसी दो .नारे लगाते हुए बाजार से उपखण्ड कार्यालय पहुंचे इस सम्पूर्ण बंद मे आवश्यक सेवाओं - अस्पताल, मेडीकल स्टोर कॉलेज स्कूलआदि को मुक्त रखा गया है। इस सफल बंद को सकल जैन समाज, जैन एकता मंच, ब्यावर व्यापार संघ, ब्यावर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिऐशन, श्रीमद् भगवंत परिवार, प्रभात फेरी, जनाधिकार मंच, ब्यावर पुस्तक व्यवसाय संघ, हेल्प क्लब, गौभक्त मण्डल, बार एसोसिऐशन संस्था , किराणा एसोसिऐशन, उपभोक्ता कल्याण परिषद्, चांग गेट व्यापार संघ, पाली बाजार व्यापार संघ, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, दी क्लॉथ मर्चेंट होलसेल, दी रिटिल वस्त्र ब्यापार संघ, दी रिटेल क्लॉथ व्यापार संघ, लघु उधोग भारती, लघु उद्योग संघ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ब्यावर दी वूल मर्चेंट एसोसिएशन ब्यावर, उद्योग मंडल,पावरलूम एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,भारत विकास परिषद भारत विकास परिषद विवेकानंद, लायंस क्लब ब्यावर सिटी ,क्लासिक, डायमंड,ज्वेलरी एसोसिएशन पाली बाजार एसोसिएशन,श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर श्री वर्द्धमान पीजी गर्ल्स कॉलेज, बीएल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्या पीठ अग्रवाल समाज,माहेश्वरी समाज, साहू समाज, माली समाज,, प्रजापति समाज , कुमावत समाज,रेगर समाज, सिख समाज, वाल्मीकि समाज, स्वर्णकार समाज, यादव समाज, रावत समाज, राजपूत समाज,मुस्लिम, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, आम पार्टी, एबीवीपी ,एन.एस.यू.आई, अंतराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, शिव सेना कांग्रेस सेवादल क्षेत्रीय पीपा समाज, सोनी समाज,सभापति उपसभापति सहित पार्षदो, टैक्सी एसोसिऐशन सहित विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठन आदि का पूर्ण समर्थन रहा आज के इस बंद के आयोजन मे विधायक शंकर सिंह पारस पंच, राजेन्द्र ओस्तवाल, महेन्द्र सांखला, धमीचंद रांवका, रमेश बंसल,संजय नाहर एडवोकेट मनमोहन महेंद्र बोहरा मेहता,महावीर बाफणा, सभापति नरेश कनोजिया उप सभापति रिखब खटोड,संजय घीया प्रकाश मकाणा दिलीप बाबेल डॉ नरेन्द्र पारख,राजू सेठिया, उत्तम भंडारी बाबूलाल जी अजमेरा, सुनील मून्दड़ा, कमल लोढ़ा, रवि मैडतवाल हनुमान प्रसाद चौहान,हेमंत चौहान, मुकेश सोनी कमल छाजेड, शैलेन्द्र नाहर,संजय घीया सुनील मेहता, विमल मकाणा, सुशील छाजेड,प्रिंस मकाणा,प्रकाश पहलवान तुलसी भाई रंगवाला सुरेश चंद कांकरिया, रतनसिंह मेहता, अनिल डोसी, उत्तमचंद लोढ़ा, प्रकाश पाटनी, कैलाश बड़जात्या, सिद्धार्थ फागीर्वाल,अशोक काला, प्रकाश झांझरी, विनोद जैन,गौतम संचेती, प्रवीण बड़ौला, महेन्द्र बोहरा, दुलीचंद मकाणा, अरिहन्त कांकरिया, मनीष भण्डारी, ललित कांकरिया, राकेश सिशोदिया, विनोद कोठारी,सुशील बड़जात्या, पदम सोनी, राकेश गोधा जितेंद्र ढोलिया धीरज कासलीवाल पवन पाटनी सुरेश रांका, पदम्लोढ़ा, ललित कावड़िया सुशील छाजेड़, सम्पत्त बांठिया, रुपेश कोठारी संजय जैन अंकुश बोहरा,रितेश फागीवाल,इमाम साहब अब्दुलाह नईम साहब पुर्व पार्षद हारून भाई छिपा रफीक भाई छिपा पुर्व पार्षद लियाकत अली पार्षद अब्दुल मजीद कुरैशी व्यपार मंडल के अध्यक्ष शकील अहमद मैवाफरोश मुहम्मद अली रेहमानी जाकीर भाई सामाजिक नेता पप्पू पहलवान अजहर भाई अजीज, शरीफ भाई इमरान भाई सिलावट, शाबाज भाई सिलावट, इत्यादि सभी ने बंद मे अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## छात्र नेता रामराज ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय विधि महाविद्यालय में छात्र नेता रामराज मीना ने अपने जन्मदिन अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पीपल , बरगद ( बड़ ) , नीम , शहतूत सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को आचार्य डां. मुकेश कुमार मीणा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पौधों के बिना हमारा जीवन ही अधूरा है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने में पेड़ पौधे अपना अहम योगदान निभाते है। स्वच्छ वातावरण में ही व्यक्ति स्वच्छ रह सकता है। इसलिए बीमारियों से बचाव के लिए भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल मात्र पौधारोपण करने से ही अपने कार्य की इतिश्री नही कर लेनी चाहिए अपितु पौधा लगाने के बाद उसकी समय- समय पर देखभाल करनी भी जरूरी है ताकि यह पौधा बड़ा होकर वृक्ष बन सके। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थियों को अपने घरों , पंचायती खाली पड़ी भूमि , सड़कों , नदियों के किनारे भी इस मौसम में पौधा रोपण करना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य डॉ मुकेश कुमार मीणा , आचार्य कुलदीप , आचार्य संजय रायपुरिया , रामराज मीणा , छात्र नेता अतुल चौधरी ,अभिषेक कौशिक , लोकेश कुमार , मनीष बोहरा , छात्र नेता राकेश मीणा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गलघोंटु रोग की रोकथाम करने का उप जिलाप्रमुख डागर ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** गुरुवार जिला कलक्टर कार्यालय जयपुर में उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर ने जिला कलक्टर जयपुर प्रकाश राजपुरोहित से मुलाकात कर आमेर तहसील के ग्राम जैतपुर खींची में पशुओं में फैले गलघोंटु रोग की रोकथाम, उपचार, टीकाकरण करने का लिखित में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डागर ने बताया कि कुछ दिनों से आमेर तहसील के ग्राम जैतपुर खींची में पशुओं में गलघोंटु रोग फैल रहा है जिससे किसानों के लगभग 25-30 पशुओं की मौत हो गई थी। जिसकी रोकथाम, उपचार, टीकाकरण के लिए जिला कलक्टर को लिखित में ज्ञापन सौंपा है। भवानी सिंह टाटियावास, लालाराम, केदार शर्मा भी मौजूद रहे।

# ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर का एटीएम अपनी बेबसी का कर रहा दर्द बयां, एटीएम की कोई सार संभाल नहीं

### पिछले लंबे समय से बंद पडा एटीएम ,एटीएम कार्ड धारकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा एटीएम

### आखिर मेरी सुध कौन लेगा ? आने जाने वालों के लिए मुख्य प्रदर्शनी के रूप में रह गया प्रधान डाकघर का एटीम

सितारा न्यूज नेटवर्क







**ब्यावर, ब्यूरो चीफ(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर शहर को भले ही माननीय मुख्यमंत्री ने जिला बना दिया है लेकिन अजमेर रोड स्थित प्रधान डाकघर का एटीएम पिछले लंबे समय से अपनी बेबसी पर रोता हुआ नजर आ रहा है हालांकि एक दो बार समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुई है उसके बावजूद भी अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी लेकिन सोचने वाली बात यह है कि इतने लंबे समय तक मुख्य डाकघर का इस तरह से एटीएम बंद रहना अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के आला अधिकारियों की कार्यप्रणाली को परिलक्षित करता है की वे अपने एटीएम कार्ड धारकों तथा खातेदारको के प्रति कितने जागरूक हैं जब भी कोई एटीएम कार्ड धारक ब्यावर के प्रधान डाकघर के बाहर बने एटीएम पर आता है तो अपने आप को मायूस पाता है क्योंकि उसके शटर तो बंद ही मिलते हैं गुरुवार को एक बार फिर एटीएम कार्ड धारकों को मायूस होना पड़ा क्योंकि एटीएम के शटर बंद ही मिले हैं हालांकि जब मीडिया के लोग विएस जैन अधीक्षक (डाकघर) ब्यावर मंडल से मिलने पहुंचे तो वे छुट्टी पर है ऐसा बताया गया उसके बाद सहायक अधीक्षक घेवर चंद मीडिया से रूबरू हुए जब मीडिया के लोगों ने उनसे सवाल किए की प्रधान डाकघर ब्यावर के बाहर एक लंबे समय से एटीएम बंद पड़ा है आखिर इसका क्या कारण है तो उन्होंने पहले तो जवाब देना अथवा बाइट देना मुनासिब नहीं समझा और यहां तक कह दिया कि यह उसके लिए अधिकृत नहीं है उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है कुछ समय बाद सहायक अधीक्षक अपने उच्च अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से बात करने के बाद मीडिया को बाइट देने के लिए तैयार हुए

**सहायक अधीक्षक (डाकघर)ब्यावर मंडल क्या कहते हैं :** सहायक अधीक्षक घेवर चंद का कहना है कि एटीएम लंबे समय से नहीं डेढ़ माह से खराब है टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से जयपुर एटीएम सेल को इसकी सूचना कई बार की जा चुकी है प्रत्येक सप्ताह मेल किया जा रहा है आगे से ही बंद है कब ठीक होगा अथवा कितने दिन लगेंगे इस प्रश्न पर सहायक अधीक्षक उत्तर देने से दूर नजर आए ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# बेटियों के गुनहगारों को कठोर सजा मिले

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना राष्ट्र, राज्य, शासन, प्रशासन, सुरक्षा बल सबको शर्मसार करने वाली है। यह निंदनीय है, दुर्भाग्यूर्ण है। समूची मानवता पर करारा तमाचा है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। यह घटना मणिपुर शासन-प्रशासन के साथ-साथ वहां शांति बहाल करने में जुटे सुरक्षा बलों की कमजोरियों को उजागर करती है। करीब 70 दिनों से जारी हिंसा पर लगाम नहीं लगा पाना और इसके इस वीभत्स रूप तक पहुंचना मणिपुर सरकार के लिए शर्मनाक है। आज बेशक इस अमानवीय घटना पर सड़क से संसद व अदालत तक आक्रोश है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोषियों को नहीं बख्शने की बात कह रहे हों, लेकिन मणिपुर में इतने लंबे समय से जारी हिंसा क्यों नहीं रुक पाई? गृहमंत्री अमित शाह के चार दिवसीय दौरे के बावजूद मणिपुर की कानून व्यवस्था क्यों ठीक नहीं हो पाई, हिंसा क्यों नहीं रुकी व दोनों समुदायों के बीच शांति स्थापित क्यों नहीं की जा सकी? इतने लंबे समय से सुरक्षा बल वहां क्या कर रहे हैं? इन सवालों का जवाब किसके पास है? सबको मालूम है कि मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने के बाद से नगा व कुकी समुदाय इसका विरोध कर रहे हैं। मैतई व कुकी समुदायों के बीच यह विरोध इतना हिंसक हो चुका है कि इसमें 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, 60 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं। मणिपुर मैतई व कुकी समुदाय के बीच जारी जातीय हिंसा में उबल रहा है और इसके सामने सीएम एन बिरेन सिंह की सरकार बौनी साबित हो रही है। हम बेशक खुद को सबसे बड़ा लोकतंत्र कहें, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक निकाय प्रभावी तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। संविधान में केवल दस साल के लिए जातीय आरक्षण की व्यवस्था की गई थी, लेकिन आज 75 साल में भी हम इस प्रश्न को हल नहीं सके, उल्टे हमने जातीय आरक्षण को चुनावी हथियार बना दिया और इसका हम विस्तार ही करते गए। हमने इसकी जरूरत व स्वरूप की समीक्षा ही नहीं की। आज मणिपुर में जनजातीय दर्जा इतना बड़ा मुद्दा बन गया है कि राज्य जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। अगर संवैधानिक रूप से सभी भारतीय नागरिक समान है, तो आखिर सरकार के स्तर पर जातीय विभाजन क्यों है? आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी सरकार के स्तर पर जातिवाद को खत्म करने का प्रयास क्यों नहीं किया गया? इस बाबत अब तक क्यों नहीं कोई कानून आया? सभी नागरिक संविधान-सरकार के स्तर पर एक हैं। आर्थिक व शैक्षिक रूप से पिछड़ों को अपलिफ्ट करने के लिए अगर अलग मानदंड अपना कर व्यवस्था बनाई गई होती तो देश बार-बार मणिपुर जैसे जातिगत संघर्ष से लहूलुहान नहीं होता। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराने संबंधी वायरल वीडियो से सुप्रीम कोर्ट बेहद व्यथित है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह 'पूरी तरह अस्वीकार्य'है। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अगर सरकार एक्शन नहीं लेगी, तो हम कार्रवाई करेंगे। इस घटना से व्यथित सर्वोच्च अदालत को जातीय संघर्ष के मूल कारण 'सरकारी जातिवाद' का कानूनी निवारण करना चाहिए। मणिपुर की बेटियों का अपमान देश का अपमान है, इसके गुनहगारों को कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। केवल आक्रोश जताने से भरोसा नहीं जमेगा, बल्कि बेटियों को इंसाफ मिलने से सरकार, कानून व सुरक्षा एजेंसियों पर भरोसा कायम हो सकेगा। सरकार को त्वरित एक्शन लेना चाहिए व मणिपुर में तत्काल शांति स्थापित करनी चाहिए।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# एनडीए को चुनौती दे पाएगा 'इंडिया' !

> विपक्ष द्वारा बेंगलुरु से अपने गठजोड़ का इंडिया नाम देना सामान्य तौर पर गले उतरने वाला नहीं था। भाजपा एवं मोदी विरोधियों ने तर्क दिया कि भाजपा के पास न इंडिया बोलने के लिए रहेगा और न इसके नाम पर राष्ट्रवाद का भाव उभार पाएंगे। राजनीतिक दल या दलों का कोई गठजोड़ जिसके स्थायी और स्थिर होने की संभावना नहीं हो सकती वह स्वयं को इंडिया कहे यह सहसा स्वीकार्य नहीं हो सकता। क्या इस नाम पर तालियां पीटने वालों ने सोचा कि लोकसभा चुनाव में यदि गठबंधन हारा तो क्या कहा जाएगा कि इंडिया हार गई या इंडिया पीछे रह गई या एनडीए ने इंडिया को पछाड़ दिया? विपक्ष में कई नेताओं का इसे लेकर मतभेद था।

विपक्षी दलों की पटना बैठक खत्म होने के बाद राजनीति में अभिरुचि रखने वाले सभी का ध्यान बेंगलुरु बैठक की ओर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की राजनीति का अपना तरीका है। विपक्ष की कवायद के परिणामों की प्रतीक्षा करने की जगह उसके समानांतर ऐसे आयोजन कर सीधा सामना किया जाए। पटना बैठक में भाजपा केवल विपक्ष की आलोचना तक सीमित थी और अपनी ओर से क्या करने जा रहे हैं यह बात सामने नहीं रख पाई थी। बेंगलुरु के समानांतर राजधानी दिल्ली की बैठक के पहले और बाद भाजपा के पास दोनों स्तर पर प्रतिउत्तर और प्रत्याक्रमण था। एक ओर विपक्ष की आलोचना तथा दूसरी ओर उनके समानांतर ज्यादा दलों और इन सबके बीच पूर्ण एकजुटता का संदेश। विपक्ष ने 26 दलों का जमावड़ा किया तो भाजपा ने प्रत्युत्तर में 38 दलों को इकट्ठा कर यह संदेश दिया कि ज्यादा दल उनके साथ हैं। ठीक है कि इनमें से अनेक दलों की हैसियत बड़ी नहीं है तथा संसद में उनके प्रतिनिधि भी नहीं, किंतु यही स्थिति दूसरी और भी है।

विपक्ष द्वारा बेंगलुरु से अपने गठजोड़ का इंडिया नाम देना सामान्य तौर पर गले उतरने वाला नहीं था। भाजपा एवं मोदी विरोधियों ने तर्क दिया कि भाजपा के पास न इंडिया बोलने के लिए रहेगा और न इसके नाम पर राष्ट्रवाद का भाव उभार पाएंगे। राजनीतिक दल या दलों का कोई गठजोड़ जिसके स्थायी और स्थिर होने की संभावना नहीं हो सकती वह स्वयं को इंडिया कहे यह सहसा स्वीकार्य नहीं हो सकता। क्या इस नाम पर तालियां पीटने वालों ने सोचा कि लोकसभा चुनाव में यदि गठबंधन हारा तो क्या कहा जाएगा कि इंडिया हार गई या इंडिया पीछे रह गई या एनडीए ने इंडिया को पछाड़ दिया? विपक्ष के अंदर भी कई नेताओं का इसे लेकर मतभेद था। नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह ने बयान दे दिया है कि नाम को लेकर मतभेद नहीं था, किंतु जो सूचनाएं हैं नीतीश इस नाम से आरंभ में सहमत नहीं थे। आरंभ में इसका नाम था इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस। बाद में एनडीए के नेशनल डेमोक्रेटिक का ध्यान रखते हुए डी से डेवलपमेंटल कर दिया गया। इसका मतलब है कि बैठक के पूर्व गठबंधन के नाम को लेकर सभी के बीच चर्चा नहीं हुई थी। विरोधी सोशल मीडिया पर इंडिया बनाम भारत की लड़ाई बता रहे हैं। निस्संदेह, इंडिया अंग्रेजों का दिया नाम है और यह भारत का पर्याय किसी तरह नहीं हो सकता। बावजूद हर पार्टी और सरकार इंडिया शब्द का प्रयोग करती है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट शब्द प्रयोग करते रहे हैं। भारत में अभी भी ऐसे लोग हैं जो इंडिया नाम को उपयुक्त मानते हैं तथा राष्ट्र के रूप में अपनी शुरुआत 15 अगस्त, 1947 से ही स्वीकार करते हैं। चूंकि 27 राजनीतिक दलों में ऐसे लोग हैं तथा इनके पीछे सक्रिय रहने वाले बुद्धिजीवी, पत्रकार, एनजीओ, एक्टिविस्ट, बड़ी-बड़ी संस्थाएं, सेफोलॉजिस्ट आदि इस विचारधारा के पोषक हैं। इसका ध्यान रखें तो इंडिया नाम में हैरत का कारण नहीं दिखेगा। बावजूद यह कहना होगा



कि इंडिया की जगह कुछ और नाम देना चाहिए था।

प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए का भावार्थ अपने दृष्टि से समझाया पर नाम पुराना ही रहेगा। प्रश्न है कि इन बैठकों से 2024 लोक सभा चुनाव की तस्वीर कैसी नजर आती है? यह सही है कि 2019 से थोड़ा अलग राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का एक गठबंधन हो गया है, इनकी दो बैठकें हुई और आगे भी बैठकें होते रहने की संभावना है। यही नहीं संयोजक से लेकर समन्वय व संचालन समिति एवं अलग-अलग विषयों के लिए भी समिति के गठन की घोषणा कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेंगलुरु में की। इतने लंबे समय से भाजपा विरोधी मोर्चाबंदी की कवायद तथा दो बड़ी बैठकों के बाद एक संयोजक पर सहमति न बनना क्या बताता है? समन्वय या संचालन समिति के सदस्यों के नामों का भी ऐलान संभव नहीं हुआ। इससे पता चलता है कि नरेंद्र मोदी, भाजपा तथा संघ के विरोध करने में एकजुटता हो, लेकिन न एक दूसरे के प्रति पूर्ण आपसी विश्वास पैदा हुआ न सम्मान भाव और न मिलजुल कर एक रणनीति के साथ चुनाव लड़ने की मानसिकता पैदा हुई। दूसरी ओर राजधानी दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक को देखिए। इस बात पर बहस हो सकती है कि विपक्ष के समानांतर भाजपा को गठबंधन लेकर आना चाहिए था या नहीं। कारण, बहुमतविहीन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के दौरान कायम अनिश्चितता और अस्थिरता ,नीतियों को लेकर ठहराव आदि के विरुद्ध लोगों ने केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा को बहुमत दिया। बावजूद अगर विपक्ष मोर्चाबंदी कर रहा है तो अपने साथ आने वाले संभावित दलों को छोड़कर उनके साथ जाने का अवसर देना विरोधियों को शक्तिशाली बनाना ही होता। भाजपा की रणनीति समझ में आती है। तो भाजपा ने विपक्षी गठबंधन के विस्तार की संभावनाएं खत्म कर दी है।

दोनों बैठकों की तुलना करिए तो एनडीए में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में सरकार, पार्टी और गठबंधन का पूरा लक्ष्य सामने रखा। इसमें सामाजिक न्याय से लेकर गरीबों की भलाई, महिलाओं के सम्मान और उत्थान आदि पर किए जा रहे कार्यक्रमों एवं भविष्य के सपने की रूपरेखा थी। रक्षा एवं विदेश नीति के स्तर पर स्पष्ट दिशा के साथ यह विश्वास भाव था कि उस पर ठीक काम हुआ है एवं भारत की प्रतिष्ठा दुनियाभर में बढ़ी है। दूसरी ओर विपक्ष में केवल घोषणाएं तथा भाजपा व संघ की आलोचना व सत्ता से हटाने की बात। निष्पक्ष होकर विचार करेंगे तो यह स्वीकार करना पड़ेगा कि विपक्षी मोर्चाबंदी से नकारात्मक ध्वनि ज्यादा रही जबकि राजग से सकारात्मक। नेताओं को देश, विकास, नीतियों आदि के संदर्भ में मोटा - मोटी रूपरेखा रखनी चाहिए थी। विपक्ष कहता है कि उसका विरोध व्यक्ति से नहीं विचारों और मुद्दों से है तो उसे विचार और मुद्दे सामने रखने चाहिए। केवल यह कहना कि लोकतंत्र सेकुलरिज्म बचाने के लिए हम इकट्ठे हो रहे हैं लोगों को आपसे सहमत नहीं करा पाएगा। माकपा के सीताराम येचुरी ने तो प बंगाल में ममता बनर्जी के साथ लड़ाई जारी रहने की घोषणा कर दी। महाराष्ट्र में पहले ही विपक्षी मोर्चाबंदी के सबसे वरिष्ठ नेता शरद पवार की पार्टी का बहुमत ही उन्हें छोड़कर इंडिया में चला गया। भारतीय राजनीति की ऐसी स्थिति नहीं कि सारा विपक्ष एक होकर सरकार के विरुद्ध खड़ा हो जाए। सबकी अपने विचार, राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं तथा राजनीतिक हित हैं। इस कारण आसानी से किसी एक व्यक्ति को ये अपना नेता मान भी नहीं सकते। कम से कम इतना तो मानना पड़ेगा कि एनडीए के बीच नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर मतभेद नहीं है। दूसरे, अभी तक किसी दल ने ऐसी बात नहीं की है जिससे लगे 2024 को लेकर तत्काल किसी बिंदु पर असहमति है। इस दृष्टि से देखें तो कहना होगा एनडीए की शुरुआत विपक्ष से ज्यादा प्रभावी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में स्थित, अनंत वासुदेव मंदिर का निर्माण 13 वीं शताब्दी में किया गया है और यह भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण को समर्पित है। जबकि शहर के अधिकांश मंदिर शैव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं, यह वैष्णव संप्रदाय से जुड़ा हुआ है।

## कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



संकलित
दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है।

## छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

दरकार
प्रत्यूष शर्मा




# आधुनिक नहीं संवेदनशील बनने की आवश्यकता

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है औऱ प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना है, क्योंकि मनुष्य में संवेदनाएं होती हैं। मनुष्य का अकेले में कोई अस्तित्व नहीं है। संवेदनाएं हमें एक दूसरे से हमें जोड़े रखती हैं। किसी भी व्यक्ति का दुःख देखकर अकस्मात हमारा दुःखी हो जाना संवेदनाओं के कारण ही होता है, पर आजकल अधिकांश लोग संवेदन-शून्य होते जा रहे हैं। पहले दो लोग लड़ते थे तो तीसरा समझाने और बचाने आता था। अब दो लोग लड़ते हैं तो तीसरा वीडियो बनाने पहुंच जाता है। पहले सड़क पर अगर कोई दुर्घटना होती थी तो आसपास के लोग दुर्घटनाग्रस्त यात्रियों को बचाने आ पहुंचते थे, आजकल स्थिति बदल गई है आजकल बचाने की बजाय लोग वीडियो बनाना शुरू कर देते हैं। ऐसी घटनाओं से हमारी संवेदना भी धीरे-धीरे मर रही है। जब संवेदना मर जाती है तो एक मनुष्य के तौर पर हमारा पतन होने लगता है। हम आधुनिकता के चक्रव्यूह में फंसकर अपने रिश्तों, मर्यादाओं और नैतिक दायित्वों को भूल रहे हैं। समाज में निर्दयता और हैवानियत बढ़ रही है। ऐसे में समाज को संवेदनशील बनाने की जरूरत है। असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा तो देखिए, पिछले दिनों हिमाचल में भारी बरसात में किसी की दुकान औऱ घर बह गया। मोबाइल पर वीडियो बनाने वाला युवा दुःख के इस मौके पर भी हंसते हुए साथ खड़े अपने दोस्त से बोला..वाओ.. क्या टाइमिंग है। तुमने भी विडियो बनाया क्या? नैतिकता, संवेदनशीलता, कर्तव्य पारायणता सब कुछ भूलते जा रहे हैं हम..यह किस तरफ़ जा रहे हैं हम ? किसी आगजनी में फंसे लोग हों या अन्य दुर्घटनाओं के शिकार लोग जब सहयोग एवं सहायता के लिए कराह रहे होते हैं, तब हमारे संवेदनहीन समाज के तथाकथित सभ्य एवं समृद्ध लोग इन पीड़ित लोगों की मदद करने की बजाय अपने फोन से वीडियो बनाना जरूरी समझते हैं। पिछले दिनों दिल्ली में हुई आगजनी में ऐसे ही शर्मसार करने वाले दृश्य हमारी सोच को कलंकित कर रहे थे। अपने अंदर की संवेदना औऱ इंसानियत को जिन्दा रखें। मरी संवेदना के साथ हमारा जीवन पशु के समान है। पिछले दिनों मंडी जिले की इंदिरा मार्केट के पास एक जाने माने ढाबे के बाहर एक फ़टे- पुराने, मैले-कुचैले कपड़ों में एक इंसान को वहां पड़े कूड़ेदान से रोटी का टुकड़ा निकाल कर खाते हुए देखा। किसी गरीब को कूड़ेदान में पड़ी जूठन में से दो निवाले पेट की भूख को शांत करने के लिए चुनने पड़ें, ये दृश्य हमारी समाज व्यवस्था पर एक चिंतनीय प्रश्न है। कितना दुःखद है कि आजादी के इतने सालों बाद भी हमें ऐसे दृश्य देखने पड़ते हैं। समाज में ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं कि लोग मदद कर दूसरों को जीवनदान देते हैं। हालांकि ऐसी घटनाएं बहुत कम ही दिखाई पड़ती हैं। हमें इस आपदा में यथासंभव मदद करनी चाहिए। खुद को संवेदनशील बनाना होगा तभी हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकेंगे।

*(लेखक हिमाचल प्रदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक के सहायक प्रबंधक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भाजपा के लिए कड़ी चुनौती है विपक्षी महागठबंधन


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मात देने के लिए जो महागठबंधन की तैयारी अन्य राजनीतिक दल कर रहे हैं, उसे भाजपा एक और एक दो नहीं, बल्कि एक और एक ग्यारह समझे। आज भाजपा और मोदी के विरुद्ध वो सभी राजनीतिक पार्टियां एकजुट हो गई हैं जो कभी एक-दूसरे की कट्टर शत्रु होती थीं। वैसे तो आमजन राजनीतिक तौर पर काफी जागरूक हो चुका है और यह समझ चुका है कि देश की राजनीति और राजनेता अवसरवाद के शिकार हो चुके हैं, लेकिन फिर भी भाजपा को हर कदम फूंक-फूंक कर रखना होगा, अपने विरुद्ध तैयार हो रहे महागठबंधन का तोड़ निकालना होगा। अपने वोट बैंक के फायदे के लिए कांग्रेस या अन्य दल ही अपने दुश्मन से हाथ नहीं मिला रहे, बल्कि भाजपा भी इस मामले में पीछे नहीं है।

*- संजीव तिवारी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारत के अमेरिका से रिश्ते पहले से अधिक मजबूत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा के एक महीने बाद प्रतिष्ठित अमेरिकी सांसदों और अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। सांसदों और अधिकारियों ने 21 जून को व्हाइट हाउस के लॉन में 8,000 से अधिक भारतीय अमेरिकियों की उपस्थिति और अमेरिकी संसद में प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावशाली संबोधन की सराहना की। उन्होंने मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच मुलाकात के बाद जारी संयुक्त बयान में परिलक्षित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख बिंदुओं पर भी बात की। सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने यहां कहा, 'मैं उन्हें (मोदी को) पसंद करता हूं।' शूमर इस वर्ष की शुरुआत में अपनी पहली भारत यात्रा और उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ बैठकें करने से पहले तक भारत और मोदी के आलोचक थे। शूमर और कई अन्य सांसद बाइडन द्वारा उनके लिए आयोजित वार्षिक 'कांग्रेस पिकनिक' के लिए बुधवार दोपहर व्हाइट हाउस के लॉन में एकत्र हुए।



## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है - और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन ''रेत कला'' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)। इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है।



## ट्रेंड

### मॉनसून सत्र में अनेक बिल



यह मानसून सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। मॉनसून सत्र में जनता से जुड़े अनेक बिल लाए जा रहे हैं। नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, डेटा प्रोटेक्शन बिल, जन विश्वास बिल जैसे कई भविष्योन्मुखी और परिवर्तनकारी बिल देश को एक नई दिशा देने वाला है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### एकस्वर में निंदा हो



मणिपुर से आ रही महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। समाज में हिंसा का सबसे ज्यादा दंश महिलाओं और बच्चों को झेलना पड़ता है। सभी को एकस्वर में निंदा करनी पड़ेगी।

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

### भारत के लिए दुर्भाग्य



एक नेता सामने से नेतृत्व करता है। जब भी कोई गंभीर मुद्दा हमारे देश को प्रभावित करता है, जैसे कि अब मणिपुर तो प्रधानमंत्री चुप और अनुपस्थित नजर आते हैं। यह एक कमजोर नेता की निशानी है। भारत के लिए दुर्भाग्य!

**-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए



मणिपुर में हुई दो महिलाओं के साथ राक्षसी वृत्ति वाली घटना शर्मनाक है। मन में बहुत ज़्यादा क्रोध भी जागा है। मेरी राज्य व केंद्र सरकार से दरख्वास्त है कि जो इस घिनौनी हरकत के ज़िम्मेदार है उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### 11 सूत्रीय मांगो को लेकर कुशवाह,माली, सैनी, शांक्य समाज ने सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल ।** सरमथुरा कस्बा में आज कुशवाह , माली, सैनी, शाक्य, मौर्य समाज ने अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव को सोपा जिसमे समाज के लोगो ने बताया के उनके द्वारा लवकुश बोर्ड गठन, उदयपुर बाटी में समाज के एक परिवार को न्याय दिलवाने के दौरान किए गए धरना प्रदर्शन के दौरान दर्ज एफआईआर को वापस लिए जाने, अरोदा आंदोलन के दौरान हलेना थाने में दर्ज एफआईआर को वापस लिए जाने, महात्मा फुले फाउंडेशन के निर्माण एवं कुशवाह ,माली, सैनी, शाक्य, मौर्य समाज को 12% आरक्षण सहित अन्य मांगों को पूरी करने के लिए समाज द्वारा आंदोलन किए गए हे एवं समय समय पर ज्ञापन दिए गए हे मगर सरकार के द्वारा अभी तक समाज के प्रति कोई सहानभूति नही दिखाई है जिससे समाज के लोगो ने आगामी 10 अगस्त को शहीद स्मारक पर इक्कठा होकर मुख्यमंत्री आवास के घेराव की चेतावनी दी गई हे ज्ञापन देने बालो में देवी चरण, रामबीर, राजाराम, सियाराम, जगदीश, रामदास ,द्वारिका, नरेश, भगवान दास ,राजेंद्र, बबलू सहित अन्य मौजूद रहे।

निर्वाचन साक्षरता क्लब-

### राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर में नवमतदाताओं की चुनाव में सक्रिय

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भागीदारी बढ़ाने व मतदान प्रक्रिया को समझाने के लिए राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा डेमोस्ट्रेशन मशीन भेजी गयी। एएलएमटी श्री रामसिंह सांगवा और हरिहर राजपुरोहित ने विद्यार्थियों को ह्यईवीएम वीवीपेटह्नह्न मशीन द्वारा मतदान की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रक्रिया को समझा। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह, डॉ. मैना निर्वाण, डॉ. नन्दिता सिंघवी, डॉ. बबीता जैन, डॉ. सरिता स्वामी ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### पहले यूपीए के नाम पर देश को लूटा, अब देश के नाम पर नापाक होने की नाकाम कोशिश : नटवाड़िया

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** देश की आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने अपने नापाक इरादों को बुलंद करते हुए अपनी गिरती राजनीतिक स्थिति को ठीक करने हेतु यूपीए के नाम से एक जैसी मानसिकता के राजनीतिक लोग एक राजनीतिक बैनर के नीचे एकत्र होने लगे इन सभी ने कांग्रेस के नाम पर गत 70 वर्षों तक भ्रष्टाचार को अपने जीवन का अहम्‍ हिस्सा बनाते हुए जनता के खून पसीने की कमाई को विदेशी बैंकों में भरने के साथ ही शान शौकत की जिंदगी को परवान प्रदान किया यह विचार भाजपा राष्ट्रीय शाह शक्ति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेंन्द्र कुमार नटवाडिया ने यूपीए के इंडिया नाम रखने के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रकट किए प्रदेशाध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस का अर्थ अमेरिकन शब्दकोश के अनुसार पीपल ऑफ ग्रुप अर्थात लोगों का दल होता है कांग्रेस अभी तक अपने शब्द को ही ठीक नहीं कर पाई देश को ठीक करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता 1885 से लेकर अब तक इस दल ने केवल भारत को गुलाम, बदनाम, भ्रष्टाचार युक्त, गरीब, असामाजिक, मारकाट के वातावरण से सृजित किया है जनता से पैसा लूटना और अपने चम्मचों को पैसा बांटना ,सही लोगों को दबाना, विदेशियों को बढ़ावा देना यही इस पार्टी का रवैया रहा है जिन गांधी जी को ये लोग अपनी बपौती समझते हैं वे गांधी जी देश की आजादी के समय कांग्रेस के सदस्य तक नहीं थे इस पार्टी में बहुत से नामी नेताओं ने अयासी जिंदगी जी है इनका वह सारा पाप एक घड़े में एकत्रित हो गया है वह घड़ा फूटे, इससे पहले ही ये सारे भ्रष्टाचारी, राजनैतिक महत्वाकांक्षी लोग दुनिया के सामने नापाक होने के लिए यूपीए का नाम बदलकर देश के नाम पर दल बनाना चाह रहे हैं भारतीय जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी बल्कि पुरजोर विरोध किया जाएगा इनके इस निर्णय के विरोध में कार्रवाई होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और इन पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ में पौधारोपण करने के साथ देखभाल की ली शपथ,

*विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने रौपे पौधे*





**बीकानेर।** राजकीय उच्चा माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहर सिंह सलावद ने बताया की पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत स्टाफ व छात्र छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में गुलमोहर,शीशम,सहजन गुड़हल, गुलाब,शहतूत, कदम,अमरुद,अनार आदि के पौधे लगाएं। पौधे लगाने के बाद सभी ने देखरेख की शपथ ली।

कार्यक्रम में शाला के सभी छात्र छात्राओं को एक एक पेड़ लगाने व बड़े होने तक देखभाल की शपथ दिलवाई गई ।कार्यक्रम में विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहर सिंह सलावद, वरिष्ठ अध्यापक जाहिर खान,अध्यापक अब्दुल समद पंवार,हरिप्रकाश बीलबान,जयसिंह राठौड़,विनोद बाला शर्मा, शारीरिक शिक्षक भजनलाल चौहान,कंप्यूटर अनुदेशक विनय गोयल,विधालय सहायक भंवर लाल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों का मिला साथ

# स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के विरोध में दिया शांतिपूर्ण धरना







सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** सरकारी हठधर्मिता व विद्युत विभाग द्वारा वसूले जा रहे फ्यूल सरचार्ज, विशेष फ्यूल सरचार्ज, सोलर सरचार्ज व अन्य शुल्क वसूलने के विरोध में लघु उद्योग भारती के कुशल सयोंजन एवं प्रबंधन से बनी ह्यउद्योग व्यापार संगठन विद्युत उपभोक्ता संघर्ष समितिह्न के बैनर तले पूरे राजस्थान राज्य में 50 से अधिक स्थानों पर एक ही समय पर धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया

लघु उद्योग भारती के प्रदेश विद्युत विभाग समिति संयोजक अजय खंडेलवाल ने बताया कि इसी के तहत ब्यावर में भी गुरुवार को को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चांग गेट पर सांकेतिक धरना दिया गया धरने के बाद उपखंड कार्यालय पहुँचकर उपखंड अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता एवीवीएनएल को इन फ्यूल सरचार्ज और स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के विरोध में एक ज्ञापन भी दिया गया ज्ञापन से पूर्व चांग गेट पर आयोजित हुए इस धरना कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के कार्यकारिणी सदस्य दिनेश गुप्ता ने इस विरोध का वैधानिक पहलू समझाते हुए बताया कि राजस्थान राज्य उद्योगों एवं व्यवसायिक संस्थानों को देश मे सबसे अधिक दरो पर मंहगी बिजली देने वाले राज्यो मे से प्रमुख है ।कुछ क्षेत्रों को दी जाने वाली सस्ती बिजली एवं निशुल्क बिजली की भरपाई उद्योगो से अधिक दर पर बिजली आपूर्ति करके वसूली जा रही है । और अब कोयला खरीद की अव्यवस्था एवं लापरवाही को भी विशेष फ्यूल सरचार्ज के नाम से उद्योगो के माथे मढ़ा जा रहा है।

ब्यावर लघु उद्योग संघ के उपाध्यक्ष सुनील डांगी ने सभी व्यवसायियों की सहभागिता पर बल दिया देश के प्रमुख उद्योगपतियों में ब्यावर शहर का नाम रोशन करने वाले दीपक झंवर ने इस फ्यूल सरचार्ज से उद्योग जगत पर हो रहे दुष्प्रभावों से अवगत कराया लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सचिन नाहर ने बताया कि उद्योगों को सौर उर्जा उत्पादित करने से रोकने के मार्ग विद्युत विभाग द्वारा अपनाये जा रहे हैं और विद्युत उत्पादन कम्पनियो द्वारा कोयले का कुप्रबंधन अर्थात देरी से किये गये भुगतान के कारण उत्पन्न हुए ब्याज व पैनल्टी के भुगतान को भी उद्योगों पर स्थानान्तरित किया जा रहा है बाद में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष प्रवीण जी जैन, ब्यावर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ गोविंद जी नाटानी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से रमेश जी बंसल, चांग गेट व्यापार एसोसिएशन से महेंद्र जैन, पावरलूम एसोसिएशन से विजय जी झंवर, ब्यावर व्यापार संघ से संजय घीया, प्रमुख उद्योगपति राधावल्लभ माहेश्वरी, इंदर सिंह बागावास, रमेश भराड़िया ने भी संबोधित किया इस कार्यक्रम के संयोजक लघु उद्योग भारती के कार्यकारिणी सदस्य पवन रायपुरिया, जय आनन्दानी व रवि झंवर ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में नगर के सभी औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनो का साथ मिला, जिसमें द वुल मर्चेन्ट एसोसिएशन, लॉयन्स क्लब ब्यावर, लॉयन्स क्लब ब्यावर सिटी, लॉयन्स क्लब ब्यावर डायमंड, लॉयन्स क्लब ब्यावर क्लासिक, लॉयन्स क्लब ब्यावर यूनिक का सहयोग महत्वपूर्ण रहा लघु उद्योग भारती के सचिव विजय मेहता ने बताया कि अन्य संयोजक ने कहा कि फ्यूल सरचार्ज के नाम पर उद्योग एवं व्यापार जगत का किया जा रहा शोषण तुरन्त रोका जाये । स्पेशल फ्यूल सरचार्ज के नाम पर की जा रही अवैध वसूली को तुरन्त समाप्त किया जाये एवं जिन लोगो ने अभी तक इस मद मे जो राशि जमा करावा दी है, उसका समायोजन किया जाये या रिफण्ड किया जाये उक्त ज्ञापन में पावरलूम एसोसिएशन से संदीप सिंघल के अलावा कैलाश मूँदड़ा, प्रकाश अंबुरे, दीपक झंवर, राजेंद्र जी खंडेलवाल, गगन भारद्वाज, अखिलेश मूँदड़ा, पवन जैन, नरेश मित्तल, गौरव मूँदड़ा, विशाल काबरा, सुनील इनाणी, पीयूष हेड़ा, आलोक गुप्ता, कमल जी जिंदल, भुवनेश जांगिड़, प्रशांत पाबूवाल, बसंत जांगिड़, महेंद्र दुग्गड़, पुनीत टवानी, संदेश जी नाबेड़ा, डॉ लोकेश सिंघल, डॉ राजीव जैन, कपिल कोठारी सहित कई उधमी एवं उपभोक्ता उपस्थित हुए।

जनसुनवाई : बलंवत कुमार की पेंशन मौके पर ही हुई मंजूर

### जनसुनवाई कार्यक्रम में मिला त्वरित न्याय तो फरियादियों के खिले चेहरे

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** बलवंत कुमार की वृद्धावस्था पेंशन बन्द थी, घर चलाना मुश्किल हो रहा था लेकिन आज हुई जनसुनवाई में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर हाथों हाथ पेंशन शुरू हो गई। पेंशन चालू होते ही बलवंत कुमार जैसे सैकडों फरियादियों के चेहरे उस वक्त खिल गए जब जनसुनवाई में उन्हें न्याय मिला।

**मौके पर ही हुआ परिवेदनाओं का निस्तारण:** जिला परिषद सभागार में गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जिला कलक्टर ने 172 फरियादियों के परिवाद सुनें।जिनमें से 11 प्रकरणों के निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने 5 पेंशन प्रकरण, स्कालरशिप का एक प्रकरण एवं दो प्रकरणों में पट्टे जारी करने के सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश कुमार शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमन देवी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** बाडी में आज गुरूवार को अग्रवाल पंचायती धर्मशाला में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।इससे पूर्व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा किलागेट दाऊजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर घंटाघर, सरार्फा बाजार, लुहार बाजार, सब्जी मंडी, रामू चौराहा होते हुए अग्रवाल धर्मशाला में पहुंची । जिसमें महिलाओं ने 108 मंगल कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में मुख्य कलश चांदी का एवं 107 कलश स्टील के थे। जिसमें सभी माता बहनों ने भाग लिया। बता दे कि श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ के कथावाचक परमपूज्य स्वामी श्री प्रियाशरण महाराज है जिनके मुखारबिंद से कथा सुनाई जाएगी।साथ ही इस कथा के परीक्षित मीना देवी - राजेन्द्र प्रसाद शर्मा (दिघर्रा परिवार भट्टा वाले), अजय कुमार शर्मा निवासी बाडी है जिनके द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है ।उक्त कथा का आयोजन 20 जुलाई से लेकर 26 जुलाई तक दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगा ।शोभायात्रा में कृष्ण मुरारी, अंकित, शुभम, अजय, हरीबाबू, परमानन्द, राजीव, हरिओम शर्मा, वासुदेव शर्मा, संजीव शर्मा, आशीष, मनीष, नीतेश, अभिषेक, राजीव, गौरव, सौरभ, रिषभ, नीरज, अंजनी पाराशर, विष्णु महेरे, किशोरी भटेले, बनवारी लाल शिवहरे (मठ मंदिर प्रमुख) राधेश्याम गर्ग? सहित अनेक भक्तगण व सैकड़ों महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे ।

5000 लोग जायेंगे धौलपुर जिले से विराट अग्र महाकुंभ यात्रा में

### अग्रवाल समाज के पद अधिकारियों ने अग्र महाकुंभ यात्रा को लेकर की अंतिम बैठक आयोजित

#### धौलपुर जिले से 35 बसों व सैकड़ों निजी वाहनों से पहुंचेंगे महाकुंभ में

सितारा न्यूज नेटवर्क



**बाड़ी/अंकित गोयल ।** शहर के अग्रोहा होटल में आज बाड़ी अग्रवाल समाज के पद अधिकारियों ने अग्र महाकुंभ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए एक मीटिंग रखी गई, जिसमे ज़िला अध्यक्ष मुकेश सिंघल ने कहा कि अग्र महाकुंभ यात्रा को लेकर धौलपुर जिला महासिमिति सहित सभी इकाईयों की तैयारिया लगभग पूर्ण हो चुकी है, मुझे बड़ा हर्ष है कि समाज के वयोवृद्ध व्यक्ति से लेकर युवा, महिला बच्चो सभी ने अग्र महाकुंभ जाने के लिए अपने अपने रजिस्ट्रेशन समय से पहले ही करा दिए जिला महामंत्री मनोज मोदी ने बताया कि की अग्र महाकुंभ यात्रा में जाने वाली सभी बस निजी वाहन टोल टैक्स फ्री रहेंगे, जिस पर अग्र महाकुंभ यात्रा का स्टीकर लगा होगा बाड़ी इकाई अध्यक्ष मुन्ना लाल मंगल ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि समाज के लिए 5000 लोगो का साथ आना जिले के लिए गौरव का विषय है जिला उपाध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि बाड़ी की सभी बस गुलाब बगीची से 22 तारीख की रात 8 बजे से जयपुर यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी, साथ ही उन्होंने बताया कि जयपुर में जवाहर सर्किल पर जिले के 5000 लोगो की नहाने, नाश्ता, भोजन की सारी व्यवस्था रहेगी इस मीटिंग के दौरान अग्रवाल सभा महामंत्री सतीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय सिंघल, शिक्षा समिति अध्यक्ष भगवती प्रसाद, व्यस्थापक ठाकुर दास, सहायता समिति अध्यक्ष रामनिवास गर्ग, सचिव श्री निवास मित्तल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अमित मंगल, बंटू नादनपुर, रवि मोदी, राजेश गर्ग, हरिशंकर मंगल, रामकुमार गर्ग, राजेंद्र गर्ग सहित अन्य अग्र बंधु मौजूद रहे

### हड्डी व जोड़ रोग प्रत्यारोपण जांच एवं फिजियोथैरेपी नि:शुल्क शिविर 22 जुलाई को

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** माहेश्वरी सभा (शहर) एवं महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में हड्डी व जोड़ रोग प्रत्यारोपण जांच शिविर तथा फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। माहेश्वरी सभा (शहर) अध्यक्ष अनिल झूमर सोनी ने बताया कि जस्सूसर गेट के बाहर माहेश्वरी सदन में शनिवार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक शिविर आयोजित होगा। शिविर में महात्मा गाँधी अस्पताल के जोड प्रत्यारोपण के विशेषज्ञ डॉ. संदीप यादव एवं एवं बीकानेर की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सलोनी चांडक नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करेंगी। मंत्री पंकज भूतड़ा ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बीएमडी जाँच की सुविधा भी निशुल्क रखी गई है।

# गलत के खिलाफ आवाज बुलंद की तो पार्षद के वार्ड में निकाली विकास कार्य निविदा ही कर दी निरस्त

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर एक ओर तो शहर में विकास के दावे किये जा रहे है। वहीं दूसरी ओर लगाएं गये विकास कार्य की निविदा को ही निरस्त कर क्षेत्रवासियों को उनके हक से महरूम किया जा रहा है। ऐसा ही वार्ड 35 के वांशिदों के साथ हुआ है। जहां आधार अधूरा कार्य कर नगर विकास न्यास ने इस क्षेत्र की जनता को पीड़ा भोगने के लिये छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि सादुलगंज युगांतर स्कूल के आगे सड़क के दोनों ओर सीसी रोड़ निर्माण के लिये एक मार्च को 36 लाख 73 हजार निविदा निकाली। 13 मार्च को निविदा खोली रोड़ का कार्य पूरा करने का समय 3 माह तय किया। पर निर्माण कार्य 21 मई को शुरू हुआ। जिसमें एक तरफ की तो सीसी सड़क बना दी गई। वहीं दूसरी ओर सड़क का निर्माण कार्य अभी तक नहीं किया गया। इसको लेकर क्षेत्र के पार्षद मनोज विश्नोई ने जब ठेकेदार से बात की तो उन्होंने अभियंता द्वारा कार्य न करने की बात कही। इसको लेकर पार्षद अभियंता से भी मिले। तो एक्सईएन ने न्यास सचिव द्वारा कार्य निरस्त करने की सूचना दी। इस पर विश्नोई ने सचिव यशपाल आहुजा से मिलकर कारण जाना तो सचिव ने कलक्टर द्वारा निविदा को ही निरस्त करने की बात कहते हुए निर्माण कार्य नहीं करने को कहा। ऐसे में विश्नोई ने इसको लेकर रोष जताया। पार्षद विश्नोई का कहना है कि वार्ड में विकास के दो टेण्डर लगाएं गये। जिसे राजनीतिक कारणों से निरस्त कर दिया गया है। जो न्यास संगत नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर निकाली गई निविदा कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया तो आने वाले समय में नगर विकास न्यास के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा।

#### निर्माण कार्य निविदा निरस्त करने पर चचाओं का बाजार गर्म

उधर वार्ड 35 में निकाली गई दोनों निविदाओं को निरस्त करने को लेकर अब तरह तरह की राजनीतिक चचाएं हो रही है। कोई इसे विश्नोई द्वारा बीकानेर पूर्व से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा से जोड़ रहे है तो कोई निर्माण कार्य के समय ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री में गड़बड़ी करने पर प्रशाासन का विरोध करने से। ऐसे में शहर की पॉश कॉलोनी में सड़क के बदतर हालात का खामियाजा न केवल क्षेत्र की जनता भोग रही है। बल्कि इस इलाके से रोजाना निकलने वाले हजारों लोग। मजे की बात तो यह है कि इस पॉश इलाके में स्कूल,कोचिंग संस्थाएं,चिकित्सकों व अधिकारियों के आवास है। जहां से टूटी व अधूरी सड़क की प्रसव पीड़ा को हर वर्ग के लोगों को भोगना पड़ रहा है। जबकि प्रशासन हर बैठकों में इस बात का दावा करता है कि शहर में कही गड्ढे न हो अगर है तो उसे तुरंत दुरूस्त किया जाएं। ऐसे में वार्ड 35 की मुख्य सड़क के हालात को देखते हुए लगता है कि प्रशासन की बैठकों में बाते। बाते बातों का क्या वाली कहावत चरितार्थ होती है।

#### अपनों से ही जूझ रहे पार्षद

मंजर यह है कि कांग्रेस की सरकार में कांग्रेस व उनके समर्थक पार्षदों को बार बार इस पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है। एक बार नहीं कई बार पार्षदों ने नगर विकास न्यास के खिलाफ आवाज बुलंद की है। फिर भी सरकार के मुखिया इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे लगता है कि आने वाले चुनावों में कही न कही पार्टी के उम्मीदवारों को विरोध का सामना न करना पड़े।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## सीआईएस बना हरितीमा अभियान का साक्षी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी के चैलासी स्थित सीबीएसई स्कूल सीआईएस में पृथ्वी को हरा-भरा बनाने की पहल को साकार करते हुए और हरितीमा अभियान सीकर में भागीदारी निभाते हुए सप्ताह भर चली वृक्षारोपण ड्राइव का सफलतापूर्वक समापन्न हुआ। विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईएस निदेशक समर चौधरी ने बताया कि कक्षावार चली इस ड्राइव में बच्चों, शिक्षकों और प्रबंधन टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समर ने बताया कि लघु नाटक और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से प्रकृति संरक्षण और वृक्षों की उपयोगिता समझाई गई। बच्चों ने अपने-अपने समूह के अनुसार पौधों का नामांकन किया।

सीआईएस प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया ने बताया कि भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और उनका ख्याल रखें। भदौरिया ने बच्चों को वृक्षारोपण के बाद उनका रखरखाव करने की जिम्मेदारी से अवगत कराया। सीआईएस एकेडमिक प्रिंसिपल पारुल जोशी ने बताया की हरितिमा अभियान में बच्चो ने 150 पौधे लगाकर इस मुहिम में अपना योगदान दिया।

एसडीजी-15 2030 एजेंडा पर चर्चा करते पारुल जोशी ने बताया कि यूएन ने 2030 तक बेहतर जीवन शैली और प्रकृति संरक्षण को ध्यान में रखकर जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं उनमें हरितीमा अभियान का अहम योगदान रहेगा।

## एटक' ई-रिक्शा यूनियन ने दादी का फाटक पर बनाया ई-रिक्शा स्टैंड

### - यूनियन ई-रिक्शा स्टैंड का बोर्ड भी लगाया

**जयपुर।** जयपुर जिला ई-रिक्शा यूनियन 'एटक' ने शहर के दादी का फाटक, कमानी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम के सामने ई-रिक्शा यूनियन एटक को बोर्ड लगाकर नए ई-रिक्शा स्टैंड का उद्घाटन किया। यूनियन के इस प्रयास से इस क्षेत्र में ई-रिक्शा चालाकों को बैटरी चालित रिक्शा पार्किंग की बड़ी परेशानी से छुटकारा मिल सकेगा। यूनियन के सदस्यों ने अल्प सुबह ही इस स्थान पर यूनियन ई-रिक्शा स्टैंड का बोर्ड लगाया है। यहां 20 ई-रिक्शा पार्क किए जाने की व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि शहर में ई-रिक्शा चालकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था न होने के चलते चालकों को खासी परेशानियों से रूबरू होना पड़ता है। ऐसे में यूनियन सभी ई-रिक्शा चालकों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुस्तैदी से कार्य कर रही है और शहर के कई स्थानों पर ई-रिक्शा स्टैंड की व्यस्था कर रही है। हाल में यूनियन के प्रयासों से अंबाबाड़ी, कालवाड़ रोड मांचवा सहित अन्य इलाकों में भी ई-रिक्शा स्टैंड बनाए गए हैं।




इस मौके पर जयपुर जिला ई-रिक्शा यूनियन 'एटक' के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह खानड़ी ने बताया कि यूनियन पूरे मनयोग से ई-रिक्शा चालकों की परेशानियों को कम करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने आगे बताया कि यूनियन इस दिशा में कार्य करते हुए शहर के 15 से अधिक इलाकों में ई-रिक्शा स्टैंड खोलने की दिशा में कार्यरत है। साथ ही साथ अधिक से अधिक ई-रिक्शा चालकों की पहचान आईडी बनाने एवं यूनियन से जोड़ने के लिए राज्यस्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

दादी का फाटक, बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम के सामने ई-रिक्शा स्टैंड के उदघाटन के दौरान जयपुर जिला ई-रिक्शा यूनियन 'एटक' के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह खानड़ी, यूनियन उपाध्यक्ष पवन कुमार जांगिड़, संरक्षक एडवोकेट कुनाल रावत सहित यूनियन के कार्यकारिणी सदस्यों के साथ राकेश कुमार रैगर, अमित कुमार, राज कुमार वर्मा, हेम सिंह, पूरन वर्मा, रामनिवास, पिंटू वर्मा, राजू वर्मा, बिरदीचंद, छगन लाल सहित कई ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने दी बधाई

## हनुमान सहाय बुगालिया जयपुर जाट महापंचायत के बने उपाध्यक्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर जाट महापंचायत समाज में शिक्षा,संस्कार, विकास और खेलों का भाव जागृत कर नई ऊंचाई पर ले जाने के लक्ष्य के साथ जयपुर जाट महापंचायत का गठन किया गया। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्थान की कार्यकारिणी में निरंतर कर्मठ व ईमानदार, निष्ठावान, ऊर्जावान लोगों को मनोनीत किया जा रहा है, संस्था के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बुगालियो की ढाणी मांचवा गांव निवासी हनुमान सहाय बुगालिया पुत्र सेडू राम बुगालिया को कार्यकारिणी में शामिल कर जयपुर जाट महापंचायत का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। बुगालिया को उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर समाज के लोगों ने स्वागत किया ओर जयपुर जाट महापंचायत का आभार प्रकट किया। हनुमान सहाय बुगालिया मांचवा पंचायत की पूर्व उपसरपंच पद पर भी रह चुके हैं। जिनका कार्यकाल 1 जनवरी 2015 से 2019 तक रहा। उस कार्यकाल के दौरान उन्होंने पंचायत में विकास की गंगा बहा दी। उस कार्यकाल के विकास कार्य की बातें आज भी पंचायत में लोगों से सुनने को मिलती है उस कार्यकाल में उन्होंने पंचायत के विकास कार्य में कोई कमी नहीं आने दी। इसीलिए आज भी लोगों की जुबां पर पूर्व उपसरपंच का नाम है समाज के साथ-साथ बुगालिया 36 कोम को साथ लेकर चलने वाले हैं। उनके विकास के चर्चे पंचायत में ही नहीं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भी सुनने को मिलते हैं। हम आपको बता दें कि बुगालिया का जन्म 14 जुलाई 1974 को पिंडोलाई के एक साधारण किसान परिवार में हुआ है। बुगालिया अपनी ओर से गरीब, निर्धन, बेसहारा लोगों की हरसंभव मदद करते हैं। बुगालिया को एक समाज सेवक के रूप में भी जाना जाता है। बुगालिया हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं। और अपने समाज की हर संभव मदद करने की कोशिश करते हैं। हनुमान बूगालिया ने अध्यक्ष हीरानंद कटारिया का आभार जताया और कहा कि आपने मुझे जो जिम्मेदारी समाज के लिए दी है उस जिम्मेदारी को में पूर्ण निष्ठा के साथ निभाऊंगा।

---

### कर्नाटक में आचार्य श्री 108 काम कुमार नंदी जी महाराज की निर्मम हत्या पर जैन समाज चौमूं में भयंकर रोष व्याप्त

हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को भी सौंपा ज्ञापन

# जैन समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर निकाला मौन जुलूस

### सकल जैन समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन








सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं(सुनील कुमार पाराशर)।** हाल ही कर्नाटक में परम पूज्य आचार्य 108 श्री काम कुमार नंदी जी महाराज की कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी जिससे अहिंसा प्रेमी जैन समाज में लोगो में भयंकर रोष व्याप्त हो गया। जैन मुनि की हत्या के विरोध में अपराधियों को गिरफ्तार कर शीघ्र सजा दिलवाने की मांग को लेकर सकल जैन समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गयो इससे पूर्व सकल जैन समाज की पुरुषों , महिलाओं व बच्चों ने बाएं हाथ पर काली पट्टी बांधकर व हाथों में तख्तियां लेकर चौमूं शहर के मुख्य मार्गो नया बाजार, चोपड, लक्ष्मीनाथ जी का चौक , बस स्टैंड ,थाना मोड़ होते हुए मौन जुलूस निकाला। मानचित्र शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुलिस थाना चौमूं पहुंचा ।




जहां पुलिस के बड़े अधिकारियों की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन के जरिए जैन समाज के लोगों ने अपराधियों को शीघ्र कड़ी से कड़ी सजा मिले और अहिंसा प्रेमी जैन समाज को न्याय दिलाने का निवेदन किया। मौन जुलूस में समाज के अध्यक्ष राजेंद्र बड़जात्या मंत्री राजेंद्र पाटनी कोषाध्यक्ष अनिल जैन नेमीचंद पाटनी सुरेश छाबड़ा पंकज बड़जात्या नितेश पहाड़िया प्रमोद चौधरी अजय बाकलीवाल समस्त कार्यकारिणी एवं जैन समाज के वयोवृद्ध सदस्य पदम चंद बड़जात्या धर्म चौधरी धन कुमार बड़जात्या पारस जैन और महिलाओं में अध्यक्षा सुमन पहाड़िया निर्मला जैन चंदा पाटनी प्रभा जैन सरिता चंदा चौधरी सहित अनेक महिलाएं पुरुष व बच्चें मौजूद रहे।

## कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

*अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में आईआईआरएस-इसरो के सहयोग से इसरो के अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम (स्टार्ट) 2023 का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस ह्लस्टार्टह्ल प्रशिक्षण कार्यक्रम में इसरो द्वारा कानोड़िया कॉलेज को नोडल सेन्टर बनाया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एम.एससी. फिजिक्स व बी.एससी. की लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. तीर्थ प्रतिम दास ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयास पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अंतरिक्ष क्या है और ये कैसे बना है, जैसी अवधारणाओं की बुनियादी सीख के साथ सत्र का नेतृत्व किया, बाद में उन्होंने भारतीय शोध की विरासत पर भी चर्चा की। डॉ. तीर्थ प्रतिम दास ने अंतरिक्ष, पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के बड़े परिपेक्ष्य के बारे में भी चर्चा की। नोडल सेंटर की कॉर्डिनेटर डॉ. सरला शर्मा ने सभी छात्राओं को इसरो से जुड़ी जानकारी दी और इस कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में अंतरिक्ष और ब्रह्मांड जैसे विषयों में अभिरुचि पैदा करना है।







गरीबों का सितारा के सितारा न्यूज नेटवर्क की खबर का हुआ बड़ा असर

# पीएनबी शाखाओं ने भी डाली केसीसी लोन पर ब्याज मे दी जाने वाली 3 % सब्सिडी की राशि

### केसीसी के नियमित खातों में किसान भाईयो को ब्याज में दी जाती है 3 प्रतिशत की छूट

### प्रदेश में सबसे पहले गरीबों का सितारा ने प्रकाशित की थी किसान हित में खबर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** देश मे रिजर्व बैंक के अधीन सभी राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओ मे 7 प्रतिशत ब्याज दर पर किसान भाईयों को 3 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाता है । जिस पर 03 प्रतिशत ब्याज की छूट की राशि डाल दी जाती है, लेकिन इस बार इस वर्ष में जुलाई के दूसरे सप्ताह तक भी चोट की राशि नंही डाली गई। इसलिए किसान हितों को ध्यान में रखते हुए गरीबो का सितारा दैनिक अखबार ने खबर को प्रमुखता से छापा और खबर को पीएनबी के उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों तक किसानों की पीड़ा को पहुंचाया जिस पर पीएनबी के आला अधिकारी भी हरकत मे आए और अलवर के रैणी क्षेत्र मे गुरुवार 20 अप्रैल को किसान भाईयों के नियमित केसीसी खातो में 3 प्रतिशत ब्याज मे छूट की राशि डाल दी गई ।जबकि यह छूट की राशि अप्रैल माह मे ही डाल देनी चाहिए थी लेकिन जुलाई माह तक भी पीएनबी शाखाओ द्वारा यह छुट की राशि नहीं डाली गई थी ।अन्य दूसरी बैंक शाखाओ ने यह छूट की पूर्व मे डाल दी गई थी जिस पर गरीबों का सितारा अखबार ने पीएनबी शाखाओं की लापरवा की पोल खोली ।अब किसान भाई यह छूट की राशि प्राप्त कर अपनी खेती मे दवाई खाद तथा अन्य दूसरे कार्य कर लेगे। किसान भाई तो अभी तक भी अन्धेरे में है जिन्हे इस मामले व सब्सिडी की पूरी जानकारी तक नही है इसी उद्देश्य को ध्यान मे रखकर उठाई किसान हित में आवाज उठाई गई थी। गरीबो का सितारा अखबार मे प्रकाशित होने के बाद ही पीएनबी के उच्चाधिकारियों ने किसान हित में ध्यान देकर यह छूट की राशि डाल दी है।







## पचार गांव के वरिष्ठ शिक्षक मोहन महला को मिली राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से पीएचडी की उपाधि

**दांतारामगढ़।(विनोद धायल)** श्यामनगर पचार के स्काउटर व महात्मा गांधी राजकीय स्कूल दांता में कार्यरत हिंदी के वरिष्ठ अध्यापक मोहन सिंह महला को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा रीतिकालीन नीतिकवियों का लोकानुभव विषय में शोध करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। महला ने यह शोध प्रो. संगीता गोगिया, गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालय अलवर के निर्देशन में पूर्ण किया। 18 जुलाई को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित मौखिकी में महला सफल रहे। हिंदी विभागाध्यक्ष उर्वशी शर्मा, विशेषज्ञ एच.एस. गौड विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश के प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी मौजूद रहे। महला को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर खाचरियावास,श्यामपुरा, पचार, खुशालपुरा श्याम नगर सहित गांव वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## कॉमर्स कॉलेज में 'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के तहत हुआ पौधारोपण



**रैणी/महेश चन्द मीना।** अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित कॉमर्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत कॉलेज कैंपस में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर भागीरथ मीना ने बताया कि भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत विभिन्न प्रजातियों के 11 पौधों को लगाया गया है। प्राचार्य डॉ स्मिता मिश्रा के निर्देशन में लगभग 75 प्रजातियों केपौधे लगाए जाएंगे। प्राचार्य डॉ मिश्रा ने बताया कि ओएलएक्स परिसर में एक वाटिका का निर्माण किया जाएगा । जिसमें स्वदेशी एवं औषधीय गुणों कों ध्यान में रखते हुए पेड़- पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर हरगोविंद खरेरा, राजेंद्र मीना , डॉ अंजली नागर ,भगवान सहाय मीणा , अजय तंवर, रेणुका, पूनम गोस्वामी , ज्योति यादव श्वेता भारद्वाज सहित कॉलेज के अन्य प्रोफेसर सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्राचार्य के निर्देशन में प्रोफेसर भागीरथ मीना द्वारा दी गई।

## शिक्षको की समस्याओं को लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अलवर से की वार्ता: जिलाध्यक्ष मुकेश ईटोली



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर जिला मुख्यालय पर राजस्थान शिक्षक एवम पंचायती राज कर्म. संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश इटोली ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अलवर नेकीराम से शिक्षक हित मे वार्ता की जिसमे एमडीएम राशि भुगतान , एसीपी वेतन व गैर शैक्षणिक कार्यो व अन्य मुद्दों पर उनके निस्तारण करने के लिए वार्ता की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने कुछ मुद्दों को त्वरित हल कर दिया व अन्य को सप्ताह भर में निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्यो कराये जाने पर विधार्थियो के शिक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही हैं और सरकारी स्कूलों का नामाकां- प्रभावित हो रहा है जिसे लेकर शिक्षक संगठन बार बार सरकार तक को शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति की मांग रख रहे है। यह सारी जानकारी संघ के जिला सोसियल मीडिया प्रभारी एस एस डाटा राम के द्वारा दी गई है। उक्त वार्ता में जिला कार्यकारणी के प्रतिनिधि मंडल मनीष चौधरी, खेमराज मीना , एस एस डाटा राम , मानसिंह राजपूत , जगदीश, बबलू राम , प्रवीण, उपेंद्र सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।



# नादनपुर थाना पुलिस की कार्रवाई, चुराई गई गाड़ी बोलेरो को किया बरामद

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बसेड़ी/अंकित गोयल।** जिला पुलिस अधीक्षक महोदय मनोज कुमार क्द्धर के द्वारा जिला धौलपुर में वाहन चोरों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान के तहत महोदय के निर्देशन में व कार्यवाहक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश सांखला व वृत्ताधिकारी मुनेश कुमार आरपीएस वृत्ताधिकारी सरमथुरा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी रामअवतार बैरवा उप निरीक्षक के नेतृत्व में थाना हाजा से बोलेरो चोरी के संबंध में अलग-अलग टीमें गठित की गई । गठित टीमों द्वारा टेक्नीकल सीसीटीवी फुटेज बीटीएस के आधार पर अज्ञात चोरो की तलाश की गई। राजेन्द्र कुमार हैड कानि टीम गठित द्वारा अज्ञात बदमाशान द्वारा नादनपुर से दिनांक 13.07.2023 की रात्रि में चुराई गई बोलेरो गाडी नं. आरजे 11 यूए 2983 को थाना इलाका बयाना के गांव समोगर फौजी होटल के पास से उक्त बोलेरो को किया बरामद अज्ञात चोर मौके से फरार अज्ञात चोरों की तलाश जारी है।




विवरण - मुस्तगीस ओमवीर सिंह पुत्र राजाराम जाति ठाकुर उम्र 60 साल निवासी नादनपुर थाना नादनपुर जिला धौलपुर द्वारा दिनांक 13.07.2023 को थाना हाजा पर मुकदमा नं. 80/2023 धारा 379 भादस में अज्ञात चोरो के विरुद्ध दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होते ही सीसीटीवी फुटेज व टायरो के निशान के आधार पर मुखबिर को किया अलर्ट मुखबिर की सूचना पर अथक प्रयास व तलाश से महज 07 दिन में चोरी गई बोलेरो गाड़ी को ईलाका थाना बयाना के गांव समोगर फौजी होटल के पास से किया बरामद । गिरफ्तार मुल्जिमों का विवरण - अज्ञात चोरो की तलाश जारी है कार्यवाही टीम विवरण - राजेन्द्र कुमार हैड कांस्टेबल, सुरेन्द्र सिंह, जीतेंद्र सिंह कांस्टेबल मौजूद रहे।

## कांवड़ियों का किया स्वागत सत्कार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई ।** गुरुवार को परशुराम जन उपयोगी भवन के अंतर्गत संरक्षक शैलेंद्र जोशी पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशन से हरिद्वार से पधारे 31 कांवड़ियों का स्वागत, जलपान एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था परशुराम जनउपयोगी भवन के अंतर्गत नगर अध्यक्ष महेश चंद्र नांगल, आरडी शर्मा, राजेंद्र होदायली, नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण आगावली द्वारा की गई । इस तरह का कार्य उत्तम एवं सराहनीय है, ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा इस तरह के कार्यो के लिए हमेशा तत्पर है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने दी।

# फीफा रैंकिंग 99वें स्थान पर भारतीय फुटबॉल टीम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने गुरुवार को 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में प्रवेश किया। टीम सैफ चैंपियनशिप खिताब की बदौलत एक पायदान के फायदे से 99वें स्थान पर पहुंच गई।

भारत ने इस महीने के शुरु में बेंगलुरु में हुई सैफ चैंपियनशिप में लेबनान और कुवैत पर क्रमशः सेमीफाइनल और फाइनल में पेनल्टी शूटआउट से जीत दर्ज की। लेबनान को भी दो पायदान का फायदा हुआ जिससे वह भारत से बिलकुल नीचे 100वें स्थान पर मौजूद है जबकि कुवैत चार पायदान की छलांग से गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में 137वें स्थान पर पहुंच गया।




## भारत के 1208.69 अंक

भारत के अब 1208.69 अंक हो गए हैं। भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है जो टीम ने 1996 में हासिल की थी। टीम 1993 में भी 99वें स्थान पर पहुंची थी जबकि 2017 और 2018 में 96वां स्थान हासिल करने में सफल रही थी। पिछले महीने टीम 100वें स्थान पर थी।

## अर्जेंटीना की बादशाहत कायम

विश्व चैंपियन अर्जेंटीना की शीर्ष पर बादशाहत कायम है जिसके बाद फ्रांस, ब्राजील, इंग्लैंड और बेल्जियम की टीम मौजूद हैं। एशिया में जापान 20वें स्थान से शीर्ष पर है जबकि ईरान (22वीं रैंकिंग), आस्ट्रेलिया (27), कोरिया (28) और सऊदी अरब (54) शीर्ष पांच में शामिल अन्य टीम हैं।

# वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने दर्ज की पहली जीत

**ऑकलैंड।** हन्ना विलकिन्सन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत न्यूजीलैंड फुटबॉल टीम ने यहां गुरुवार को महिला विश्व कप के पहले मैच में नार्वे को 1-0 से शिकस्त दी। महिला विश्व कप में यह न्यूजीलैंड की पहली जीत है। ईडन पार्क स्टेडियम में रिकॉर्ड 42,137 दर्शक मौजूद थे जो न्यूजीलैंड में फुटबॉल मैच के लिए रिकॉर्ड संख्या है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस भी मैच देखने के लिए स्टेडियम में उपस्थित थे। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इससे पहले आयोजित हुए पांच विश्व कप में हिस्सा लिया था लेकिन कोई मैच नहीं जीता था। दोनों टीमें विश्व कप में केवल एक बार ही आमने सामने हुई हैं जिसमें नार्वे ने 1991 में सह मेजबान टीम को 4-0 से पराजित किया था। मैच से कुछ घंटों पहले गुरुवार को सुबह एक व्यक्ति ने यहां एक ऊंची निर्माणाधीन इमारत में गोलीबारी कर दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।



## आस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को हराया



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया ने अपनी स्टार फुटबॉलर सैम केर की अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को यहां आयरलैंड को 1-0 से हराकर महिला विश्व कप में जीत से अपना अभियान शुरु किया। स्टेफ कैटले ने 52वें मिनट में पेनल्टी पर किए गए गोल से अपनी टीम को जीत दिलाई। स्टेडियम में मैच देखने 75,784 दर्शक पहुंचे हुए थे जबकि टूर्नामेंट की सह मेजबान आस्ट्रेलिया को अपनी शीर्ष स्कोरर केर की अनुपस्थिति से करारा झटका लगा था जो चोटिल होने के कारण दो मैच नहीं खेल पाएंगी।

## खबर संक्षेप




### सहज बदलाव घरेलू प्रणाली की देन

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट टीम में सहज बदलाव का श्रेय मजबूत घरेलू उपाय और टीम के अच्छे माहौल को दिया। द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में अब भारतीय टीम में बदलाव के दौर को देख रहे हैं। वह एक खिलाड़ी के रूप में भी ऐसा दौर देख चुके हैं जब उनके साथ सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों ने महेंद्र सिंह धोनी को जिम्मा सौंपा था। द्रविड़ के संन्यास लेने के बाद चेतेश्वर पुजारा ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई थी और अब शुभमन गिल यह भूमिका निभा रहे हैं।

### नार्थईस्ट यूनाईटेड ने जाबाको को जोड़ा

**गुवाहाटी।** नार्थईस्ट यूनाईटेड एफसी ने आगामी सत्र के लिए गुरुवार को स्पेनिश सेंटरबैक माइकल जाबाको से करार करने की घोषणा की जो एटलेटिको मैड्रिड युवा अकादमी के लिए भी खेल चुके हैं। स्पेनिश फुटबॉल में दूसरे और तीसरे टीयर में खेल चुके 34 वर्षीय जाबाको जब 16 वर्ष के थे तब एटलेटिको मैड्रिड युवा अकादमी से जुड़े थे। फिर वह क्लब की सी टीम से एटलेटिको मैड्रिड बी तक पहुंचे। जाबाको पहली बार स्पेन से बाहर किसी क्लब से जुड़ रहे हैं।



### संधू ने फाइनल की ओर बढ़ाए कदम

**नई दिल्ली।** भारत के राजकंवर सिंह संधू गुरुवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले प्रीसिशन दौर में 289 का स्कोर बनाकर फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। संधू ने हंगरी के निशानेबाज अकोस कैरोली नागी के बराबर स्कोर बनाया जो पांचवें स्थान पर थे जबकि शीर्ष चार स्थान पर चीन के निशानेबाज चल रहे थे। झांग झिहाओ 294 के स्कोर से शीर्ष पर थे। शीर्ष छह निशानेबाज शुक्रवार को होने वाले फाइनल्स में जगह बनाएंगे।



### मेजबान शहरों में शामिल हो न्यूयॉर्क

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्या जेनिफर राजकुमार ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से न्यूयॉर्क को अगले साल के टी20 विश्व कप के लिए मेजबान शहरों में चुनने की गुजारिश की और कहा कि यह अमेरिका में क्रिकेट का केंद्र है जहां काफी संख्या में दक्षिण एशियाई मूल के लोग रहते हैं। अगले साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज संयुक्त रूप से अगले टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं। जेनिफर कहा, 'न्यूयॉर्क के दस हजार क्रिकेट प्रशंसकों की ओर से मैं आपसे न्यूयॉर्क शहर को आईसीसी विश्व कप के लिए मेजबान चुनने की गुजारिश कर रही हूं।'

## क्रिकेट : भारत और वेस्टइंडीज खेल रहे 100वां टेस्ट मैच

# कोहली ने खेला 500वां अंतर्राष्ट्रीय मैच, रोहित-यशस्वी के अर्धशतक

एजेंसी ▸▸| पोर्ट ऑफ स्पेन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। विराट कोहली ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने करते हुए अपने कॅरियर का 500वां मैच खेल रहे हैं। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन समाचार लिखे जाने तक चार विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाए थे। जायसवाल 74 गेंद में 57 और कप्तान रोहित 143 गेंद में 80 रन बनाकर आउट हुए। दुनियाभर में 9 खिलाड़ी अब तक 500 अंतरार्पष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। लिस्ट में सबसे पहला नाम क्रिकेट के गॉड सचिन तेंदुलकर का है, जिन्होंने 664 मैच खेले हैं। दूसरे नंबर पर 652 मैच के साथ माहेला जयवर्धने (652 मैच) हैं। तीसरे नंबर पर कुमार संगकारा (594 मैच) है। चौथे सनथ जयसूर्या 586 मैच, पांचवें रिकी रोंटिंग 560 मैच, छठे एमएस धोनी 538 मैच, सातवें शाहिद अफरीदी 524 मैच, आठवें जॉक कैलिस 519 मैच और नौवें नंबर राहुल द्रविड़ 509 मैच हैं।





### भारत के मैच

| खिलाफ | मैच |
|---|---|
| इंग्लैंड | 131 |
| ऑस्ट्रेलिया | 107 |
| वेस्टइंडीज | 100* |
| न्यूजीलैंड | 62 |
| पाकिस्तान | 59 |

### टेस्ट में हेड टू हेड

*भारत और वेस्टइंडीज ने एक दूसरे के खिलाफ अब तक सिर्फ 99 टेस्ट ही खेले हैं। इसमें भारत ने 23, जबकि वेस्टइंडीज ने 30 मैच जीते हैं। 46 टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। वेस्टइंडीज ने 30 में से 16 मुकाबले घर पर और 14 भारत में जीते हैं। जबकि टीम इंडिया ने अपने घर में 12 और वेस्टइंडीज में 10 टेस्ट जीते हैं।*

### कोहली का कॅरियर

| | |
|---|---|
| टेस्ट मैच | 111* |
| वनडे मैच | 274 |
| टी20 मैच | 115 |

### मुकेश ने किया डेब्यू

भारत की ओर से मुकेश कुमार अपना टेस्ट पदार्पण कर रहे हैं जिन्हें चोटिल शार्दुल ठाकुर की जगह शामिल किया गया है।

### ब्रेथवेट-रोहित सम्मानित

मुकाबले की शुरुआत से पहले दोनों टीमों के कप्तानों (रोहित शर्मा और क्रेग ब्रेथवेट) को मोमेंटो प्रदान करके सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि ये भारत और वेस्टइंडीज की टीमें आपस में 100वां टेस्ट मैच खेलने उतरी हैं। ऐसे में ये सम्मान तो बनता ही था।

### यशस्वी प्रदर्शन

गुरुवार को भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टेस्ट की शुरुआत हुई है। डोमिनिका में खेला गया पहला टेस्ट टीम इंडिया ने पारी और 141 रन से जीता था। वहीं दूसरा टेस्ट त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जा रहा है। वेस्टइंडीज के कप्तान ब्रेथवेट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने समाचार लिखे जाने तक 18 ओवर में बिना विकेट गंवाए 87 रन बना लिए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 34 रन और कप्तान रोहित शर्मा 48 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को चार विकेट से दी शिकस्त



एजेंसी ▸▸| गॉल

पाकिस्तान ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद श्रीलंका को गुरुवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में चार विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए लेकिन सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (नाबाद 50) ने एक छोर संभाले रखा और टेस्ट क्रिकेट में अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। इससे पाकिस्तान ने पांचवें दिन लंच से पहले ही जीत हासिल कर ली।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 312 रन बनाए थे जिसके जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 461 रन बनाए। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 279 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य रखा था।

पाकिस्तान की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और वह चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 48 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। पाकिस्तान को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए 83 रन की जरूरत थी। पाकिस्तान ने छह विकेट पर 133 रन बनाए। शकील को पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## हार्दिक और गिल को मिल सकता है आराम

***नई दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या और तीनों प्रारूपों में खेलने वाले शुभमन गिल को आगामी एशिया कप और वनडे विश्व कप को देखते हुए आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से आराम दिया जा सकता है। बीसीसीआई सूत्रों ने यह जानकारी दी। पंड्या भारत की वनडे टीम का अहम हिस्सा हैं और हरफनमौला होने के नाते टीम को संतुलन देते हैं। टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयन समिति उन्हें लेकर एहतियात बरतना चाहती है।*

# जर्मनी से 0-2 से हारा भारत दौरे की लगातार तीसरी हार

एजेंसी ▸▸| रसेलशेम



भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे जर्मनी से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी वर्तमान दौरे में लगातार तीसरी पराजय है।

भारतीय टीम के जर्मनी दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान टीम की तरफ सेनाइक लोरेंज (52वें मिनट) और चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (54वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में चीन (2-3) और जर्मनी (1-4) से हार गई थी। भारतीय टीम का जर्मनी का यह दौरा आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में था। दौरे के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम जर्मनी को तीसरे क्वार्टर तक गोल रहित बराबरी पर रोकने में सफल रही थी। चौथे क्वार्टर में हालांकि कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

# प्रणय और प्रियांशु दूसरे दौर में बाहर

**येओसु।** भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय गुरुवार को यहां अपना दूसरे दौर का मैच हांगकांग के ली चेउक यियू से हारकर कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। प्रणय को 15-21, 21-19, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में प्रियांशु राजावत ने जापान के कोडाई नाराओका को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में दूसरे दौर के मैच में 14-21 21-18 17-21 से हार गए। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी दक्षिण कोरिया की ना हा बेक और ही सो ली की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को कोई चुनौती नहीं दे पाई और 33 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में 11-21, 4-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की भारतीय जोड़ी भी चीन की झे यान फेंग और पिंग डोंग हुआंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 35 मिनट में 15-21, 12-21 से हारकर बाहर हो गई।



# एशेज : इंग्लैंड ने बनाई 67 रन की बढ़त

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर



इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन रहा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी पारी में 317 रन बनाए हैं। जवाब में इंग्लैंड ने चार विकेट पर 384 रन बना लिए हैं।

कंगारू फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। उसकी नजर मैनचेस्टर टेस्ट जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर है। हैरी ब्रुक 14 रन और कप्तान बेन स्टोक्स 24 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की बढ़त अब तक 67 रन की हो चुकी है। दूसरे दिन इंग्लैंड के ओपनर जैक क्राउली ने बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंन 182 गेंदों पर 21 चौके और तीन छक्के की मदद से और 103.85 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए। बेन डकेट एक रन बनाकर आउट हुए। क्राउली ने मोईन अली के साथ दूसरे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी निभाई। मोईन 54 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, जो रूट शतक से चूक गए। वह 95 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने अब तक दो विकेट लिए हैं।

## दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व ओलंपियन असलम शेर खां ने जताई चिंता

# एस्ट्रोटर्फ के कारण बेमौत मर रही भारतीय हॉकी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व ओलंपियन असलम शेर खां ने पिछले कुछ दशकों में 'भारतीय हॉकी के पतन' पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसके लिए एस्ट्रोटर्फ (कृत्रिम घास के मैदान) और शीर्ष स्तर पर कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया तथा इस खेल में खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए फिर से प्राकृतिक घास के मैदानों में खेलने की अपील की। असलम ने इस संबंध में भारत को अपना वर्चस्व का इस्तेमाल करके अन्य देशों को प्राकृतिक घास के मैदान पर खेलने के लिए मनाने को कहा।



असलम ने कहा, 'भारत आज विश्व स्तर पर सम्मानित शक्ति है और एक बार हम दुनिया को प्राकृतिक घास की सतह पर हॉकी खेलने की योग्यता दिखा देंगे तो मुझे पूरा विश्वास है कि हम दुनिया को इसके फायदों के बारे में जानने के लिए मना सकते हैं।' पूर्व सांसद और विश्व कप 1975 में भारतीय जीत के एक नायक रहे असलम ने देश के हॉकी प्रेमियों को लिखे खुले पत्र में कहा, 'भारतीय हॉकी को पुनर्जीवित करने का अब एकमात्र समाधान प्राकृतिक घास के मैदानों पर फिर से खेलना शुरू करना है। सभी टूर्नामेंट और प्रीमियर लीग प्राकृतिक घास की सतह पर खेले जाने चाहिए। यह दर्शकों को फिर से आकर्षित करेगा।' असलम ने भारत को ब्राजील और अर्जेंटीना की तरह रवैया अपनाने को कहा जिन्होंने 1960 के दशक में फुटबॉल को कृत्रिम घास के मैदानों में खेलने के फीफा के प्रयासों को नाकाम कर दिया था।

### भारत में हॉकी की मौत

*भारत ने ओलंपिक खेलों में हॉकी में आठ स्वर्ण पदक जीते हैं लेकिन इनमें से आखिरी स्वर्ण पदक उसने 1980 में मास्को ओलंपिक में जीता था। भारतीय टीम ने हालांकि 2021 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पिछले 41 वर्षों से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म किया था। भारत ने इसके बाद इस साल के शुरू में ओडिशा में खेले गए विश्वकप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिसे असलम ने 'भारत में हॉकी की मौत' करार दिया। उन्होंने कहा, 'बेहद दुख के साथ मुझे भारत में हॉकी की मौत के घोषणा करनी पड़ रही है। ऐसा इस साल जनवरी में ओडिशा के राउरकेला में खेले गए विश्वकप में हुआ जिसमें ओडिशा सरकार के 1000 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद भारत नौवें स्थान पर रहा था।'*

"सितारे का साथ-आपके हाथ"
अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी
आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी
अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध
अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...
Log in करे : www.garibonkasitara.com
अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...
।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# चंद्रयान-3 ने चौथी कक्षा में किया प्रवेश, चार दिन इसी कक्षा में लगाएगा चक्कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


चंद्रयान-3 ने पृथ्वी की तीसरी कक्षा का चक्कर पूरा कर लिया है। अब वो सफलतापूर्वक चौथी कक्षा में प्रवेश कर चुका है। तीसरी कक्षा का चक्कर पूरा होने के बाद इसरो ने चंद्रयान-3 के इंजन को स्टार्ट कर उसे अगली कक्षा की ओर मोड़ दिया। इसरो की तरफ से बताया गया कि अगले पांच दिन में चंद्रयान-3 पृथ्वी की चौथी कक्षा का अपना चक्कर पूरा करेगा। अब 25 जुलाई को पांचवीं कक्षा में प्रवेश के लिए फिर से इंजन को स्टार्ट किया जाएगा।

**24** अगस्त को चांद की सतह पर उतरेगा चंद्रयान

**6** निजि कंपनियों ने दिया इसरो का विशेष साथ

### 25 को बदलेगा कक्षा


भारतीय स्पेस एजेंसी का कहना है कि 25 जुलाई को दोपहर दो से तीन बजे के बीच अगली कक्षा में चंद्रयान को प्रवेश कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि करीब 24 अगस्त को चंद्रयान चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। बता दें कि इसरो ने 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से चंद्रयान-3 को लॉन्च किया था।




### अमेरिका, चीन और रूस नहीं उतार सका, वहां इसरो उतारेगा चंद्रयान का लैंडर

चंद्रमा पर इसरो अपना तीसरा मून मिशन भेज चुका है, यानी चंद्रयान-3। भारत दूसरी बार चांद की सतह पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा है। वह भी ऐसी जगह, जहां पर अब तक किसी भी देश ने लैंडिंग की कोशिश तक नहीं की है। न ही हिम्मत। वैसे दुनिया में 11 देश हैं, जिन्होंने अपने मून मिशन भेजे हैं। अगर भारत का यह मिशन सफल होता है, तो दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडर उतारने वाला पहला देश बन जाएगा भारत।

### दुनिया की पहली स्पेस एजेंसी बन जाएगी इसरो



इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ पहले ही बोल चुके हैं कि हम चंद्रयान-3 को दक्षिणी ध्रुव के पास उतार रहे हैं। न कि दक्षिणी ध्रुव। इसकी वजह ये है कि दक्षिणी ध्रुव का तापमान माइनस 200 डिग्री सेल्सियस या उससे भी कम हो जाता है। वहां रोशनी पर्याप्त नहीं रहती। अगर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर में लगे सोलर पैनल्स को सूरज की रोशनी नहीं मिलेगी तो वह ऊर्जा कहां से पाएगा। लेकिन विक्रम लैंडर जिस जगह उतारा जा रहा है, वहां पर आज तक किसी भी देश ने अपना कोई भी यान नहीं उतारा है।

### दक्षिणी ध्रुव के आसपास लैंडिंग कठिन

चंद्रमा का साउथ पोल यानी दक्षिणी ध्रुव चुनौतियों से भरा है। वहां लैंडिंग काफी मुश्किल है। लेकिन हमारा चंद्रयान-3 उसके अंधेरे में नहीं उतरेगा। वह उसके पास मौजूद रोशनी वाले इलाके में उतरेगा। ताकि वह सूरज की ऊर्जा से 14 दिनों तक काम कर सके। हालांकि वहां पर तापमान में काफी तेजी से बदलाव होता है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में हवाई अड्डे से 100 किलो सोना जब्त



**काठमांडू।** नेपाल के राजस्व विभाग को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बड़ी मात्रा में सोना जब्त की है। अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। राजस्व जांच विभाग के महानिदेशक ने बताया कि हमारी टीम ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बड़ी मात्रा में सोना सीज किया है। सोने का वजन करीब 80 से 100 किलोग्राम है। मामले की जांच कर रहे हैं।

### कनाडा में भारतीय मूल के 15 लोग गिरफ्तार



**टोरंटो।** कनाडाई पुलिस ने एक बड़े संगठित कार्गो चोरी गिरोह को चलाने के आरोप में भारतीय मूल के 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। सामान के साथ 90 लाख डॉलर से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है। पील्स क्षेत्रीय पुलिस ने कहा कि पील क्षेत्रीय नगर पालिका और ग्रेटर टोरंटो एरिया में ट्रैक्टर-ट्रेलर और कार्गो चोरी की एक श्रृंखला की जांच के लिए मार्च में एक संयुक्त टास्क फोर्स का गठन किया गया था।

### ब्रिटेन: पीएम ने एलजीबीटी समुदाय से मांगी माफी



**लंदन।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को ब्रिटेन के एलजीबीटी समुदाय के लोगों के साथ व्यवहार के लिए यूके सरकार की ओर से माफी मांगी। यह माफी उन लोगों से मांगी गई जिन्हें समलैंगिक होने के कारण सेना से बर्खास्त कर दिया गया। सुनक ने इस प्रतिबंध को ब्रिटिश राज्य की बड़ी विफलता करार दिया। 2000 तक ब्रिटिश सेना में समलैंगिक होना गैरकानूनी था।

### धार्मिक टैक्स से बचने चर्च से दूर भाग रहे लोग



**नई दिल्ली।** एक निश्चित आय के बाद हर कमाऊ व्यक्ति को टैक्स भरना होता है। हालांकि कुछ देश ऐसे भी हैं, जो धार्मिक टैक्स भी लेते हैं, जैसे जर्मनी। यहां क्रिश्चियन और यहूदियों के हर महीने के वेतन में टैक्स का एक बड़ा हिस्सा चर्च और सिनेगॉग को चला जाता है। जर्मनी में इसे चर्च टैक्स या वर्शिप टैक्स कहते हैं। जिस भी चर्च या सिनेगॉग में सदस्य बने हों, देखभाल के लिए आप वेतन का कुछ हिस्सा दें।

### यूक्रेन को अमेरिका देगा नई सैन्य सहायता



**वॉशिंगटन।** रूस की आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमेरिका ने बुधवार को यूक्रेन के लिए 1.3 बिलियन डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की। इसमें वायु रक्षा प्रणाली और हमलावर ड्रोन शामिल हैं। सैन्य पैकेज में सतह से हवा में मार करने में समक्ष में चार उन्नत मिसाइल सिस्टम मध्यम दूरी की वायु रक्षा बैटरियां शामिल हैं। इससे यूक्रेन को मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना करने में मदद मिलेगी।

### कर्मचारी ऑफिस में ही ले सकेंगे 'पॉवरनैप'



**टोक्यो।** जापान टेक्नोलॉजी के मामले में इतनी तरक्की कर चुका है कि वह इंसानों को किस तरह ज्यादा से ज्यादा आराम मिल सके, इसकी कोशिश करता रहता है। अभी हाल में जापान की एक कंपनी ने ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों की सुविधा के लिए नई तरकीब निकाली है। कंपनी ने ऑफिस में काम करने वाले लोगों को 'पॉवर-नैप' की सुविधा प्रदान की है।

---

लेटर ऑफ इंटेंट पर किए हस्ताक्षर

# अर्जेंटीना अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए भारत से खरीदेगा हल्के और मध्यम यूटिलिटी हेलिकॉप्टर



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अर्जेंटीना अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए भारत से हल्के और मध्यम यूटिलिटी हेलिकॉप्टर खरीदने के लिए तैयार है। इसके लिए गुरुवार को अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना की बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में मौजूदगी के दौरान एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस दौरान एचएएल के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन और दोनों देशों के तमाम वरिष्ठ संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अर्जेंटीना की सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए किए गए इस समझौते के तहत हेलिकॉप्टरों के उत्पादक सहयोग और खरीद शामिल है।

### भारत के चार दिवसीय दौरे पर अर्जेंटीना के मंत्री

गौरतलब है कि अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री बीते 17 जुलाई से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। इसी के तहत बीते मंगलवार को उनकी राजधानी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े हुए तमाम जरूरी मुद्दों पर चर्चा की गई। अर्जेंटीना भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को भी खरीदने का इच्छुक है। लेकिन दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की हालिया बातचीत में इस मामले के शामिल होने का फिलहाल कोई जिक्र नहीं किया गया है। उधर अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री ने एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में इस मामले को लेकर बीते दिनों कहा था कि अर्जेंटीना के सामने सबसे बड़ी समस्या तेजस लड़ाकू विमानों में प्रयोग किए जाने वाले ब्रिटेन के सर्वाधिक कलपुर्जे हैं। ऐसे में अगर वह भारत से इन विमानों की खरीद करता है। तो भविष्य में उसे ब्रिटेन से विमान से जुड़े कलपुर्जों की आपूर्ति में समस्या आएगी। यहां बता दें कि फॉकलैंड द्वीप पर नियंत्रण को लेकर अर्जेंटीना और ब्रिटेन के बीच दशकों से विवाद जारी है। इसी वजह से भारत से तेजस विमानों की खरीद से जुड़े मामले में भी समस्या आ रही है।

### एचएएल के साथ मजबूत होगा संबंध: तायाना

अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने इस लेटर ऑफ इंटेंट को लेकर कहा कि यह दिन काफी खास है और एचएएल के साथ लगातार मजबूत होते हमारे संबंधों की दिशा में एक अहम कदम है। इस कार्यक्रम में एचएएल के मुखिया यानी सीएमडी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री और अन्य प्रतिनिधियों को एचएएल में जारी तमाम गतिविधियों के बारे में एक प्रस्तुति के जरिए जानकारी दी। अर्जेंटीना के दल ने एचएएल एयरपोर्ट पर कई उत्पादों की विशेष तरह की उड़ान संबंधी गतिविधियों का भी जायजा लिया। टीम ने एलसीए तेजस, हेलिकॉप्टर डिवीजन का भी दौरा किया।

---

# सीमा हैदर के मामले पर पाकिस्तान ने मांगी काउंसलर एक्सेस, भारत बोला अभी जांच जारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

*सीमा की अदालत में पेशी हुई है और अभी वो जमानत पर बाहर है*

*भारत आने के बाद उसने हिंदू धर्म अपना लिया और वह शाकाहारी बन गई है*

सीमा हैदर के मामले में जहां एक ओर पाकिस्तान ने भारत से राजनयिक पहुंच यानी काउंसलर एक्सेस मांगी है। वहीं गुरुवार को इसे लेकर विदेश मंत्रालय की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें नियमित मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमें इस मामले की जानकारी है। सीमा की अदालत में पेशी हुई है और उसके बाद वो जमानत पर बाहर हैं। मामले की जांच जारी है। यह मामला क्योंकि अदालत के समक्ष विचाराधीन है। इसलिए वो इस पर और अधिक कुछ नहीं कहना चाहेंगे। गौरतलब है कि सीमा हैदर पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैं और बीते करीब 10 दिनों से वह भारत के ग्रेटर नोएडा में अपने प्रेमी सचिन मीणा और चार बच्चों के साथ रह रही हैं। सीमा सचिन और चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आई है। भारत आने के बाद उसने हिंदू धर्म अपना लिया है और वह शाकाहारी हो गई हैं।

### वर्चुअल आधार पर होगा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन



अगले महीने अगस्त के अंत में दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आयोजित किए जाने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल आधार पर शामिल हो सकते हैं। क्योंकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ब्रिक्स सम्मेलन में आभासी रूप से शामिल होने को लेकर इसकी संभावनाएं बनती हुई नजर आ रही हैं। ऐसे में राजनयिक हलकों में पहले प्रत्यक्ष रूप से होने वाले इस सम्मेलन के वर्चुअल आधार पर आयोजित किए जाने की चर्चाएं चल पड़ी हैं। हालांकि प्रधानमंत्री की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मौजूदगी को लेकर विदेश मंत्रालय की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वहीं भारत की अध्यक्षता में सितंबर महीने में आयोजित किए जाने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर अरिंदम ने कहा कि भारत की तरफ से समूह के सभी सदस्य 20 देशों, संगठनों, प्रतिनिधियों और विशेष आमंत्रितों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। यह शिखर सम्मेलन प्रत्यक्ष रूप से आयोजित किया जाएगा और हमें उम्मीद है कि सभी देश इसमें भागीदारी करेंगे।

### बेबी अरिहा: जर्मनी के नियमित संपर्क में भारत

अरिंदम ने मीडिया ब्रीफिंग में कुछ अन्य सवालों के भी जवाब दिए। जिसमें बेबी अरिहा के मामले में उन्होंने कहा कि इसे लेकर हम जर्मनी के अधिकारियों के साथ नियमित रूप से संपर्क में बने हुए हैं। उन्हें हमारी इच्छा के बारे में पता है कि हम चाहते हैं अरिहा को जल्द से जल्द भारत को सौंपा जाए। वर्तमान में जर्मनी में अरिहा के मामले को लेकर एक पृथक न्यायिक प्रक्रिया भी चल रही है और हमारी बातचीत भी जारी है।

### म्यांमार के मंत्री से विदेश मंत्री ने की चर्चा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मणिपुर में जारी हिंसा में चीनी हथियारों के प्रयोग को लेकर कहा कि विदेश मंत्री ने अपनी हालिया विदेश यात्राओं के दौरान म्यांमार के मंत्री के साथ सीमा से लगे इलाकों में शांति और स्थायित्व स्थापित करने के मुद्दे पर चर्चा की है। भारत चाहता है कि म्यांमार के साथ लगे हुए उसके सीमाई इलाकों में शांति और स्थायित्व कायम होना चाहिए। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा को लेकर अरिंदम ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण यात्रा है। श्रीलंका के साथ हमारे बेहद महत्वपूर्ण संबंध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की द्विपक्षीय वार्ता को लेकर अभी से कयास लगाना ठीक नहीं होगा। लेकिन भारत ने श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान उसे मदद पहुंचाई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

### भारत के जवाब के इंतजार में पाक

उधर पाकिस्तान ने भारत से सीमा हैदर को लेकर राजनयिक पहुंच मांगने के अलावा उससे संबंधित भारतीय मीडिया में जारी खबरों को प्रमाणित करने को भी कहा है। पड़ोसी मुल्क ने सीमा और उसके चार बच्चों की सलामती के बारे में जानकारी मांगी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस पर कहा कि हमने राजनयिक पहुंच के लिए भी अनुरोध किया है और हम भारत की तरफ से जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

---

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्रियों के बीच बैठक, मजबूत होंगे संबंध

अपनी वीजा प्रक्रिया को और अधिक दक्ष बनाने में जुटा ऑस्ट्रेलिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्रियों के बीच गुरुवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच शिक्षा और कौशल क्षेत्र में जारी सहयोग और संबंधों को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस वर्ष सितंबर महीने में गांधीनगर में आयोजित की जाने वाली ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा और कौशल परिषद की 7वीं बैठक के लिए अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष और शिक्षा मंत्री ब्रैंडन ओ'कॉनर को आमंत्रित किया है। यह बैठक दोनों देशों के बीच शिक्षा और कौशल विकास में सहयोग को और अधिक बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगी।



### पीएम मोदी के नेतृत्व में सुदृढ़ हुए संबंध

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल के वर्षों में संबंधों में सुदृढ़ता देखी गई है। इसके अलावा शैक्षिक और कौशल योग्यताओं की पारस्परिक मान्यता, डीकिन विश्वविद्यालय का भारत आगमन और कौशल विकास में सहयोग में और अधिक विस्तार देखने को मिला है।

### सहयोग के लिए अच्छा क्षण

भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में दोनों देशों के बीच योग्यता की पारस्परिक मान्यता पर समझौते को ध्यान में रखते हुए इसे क्रियान्वित करने की अपील की है। जिससे दोनों देशों के बीच छात्रों और कुशल व्यक्तियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाया जा सके। ओ'कॉनर ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री ब्रैंडन ओ'कॉनर ने कहा कि छात्रों की आवाजाही की बहाली उनकी प्राथमिकता है।

---

ब्रिटिश डिप्टी पीएम ने किया सम्मानित

# भारतीय मूल की छात्रा को मिला 'प्वाइंट्स ऑफ लाइट' पुरस्कार

एजेंसी ⏭ लंदन



भारतीय मूल की सात वर्षीय एक स्कूली छात्रा को ब्रिटिश पीएम के प्वाइंट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह छात्रा महज तीन साल की उम्र से ही माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की पहल के लिए काम कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पिछले हफ्ते ब्रिटिश उपप्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन ने मोक्षा रॉय को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। मोक्षा रॉय को दुनिया की सबसे छोटी संपोषणीय पैरोकार के रूप में यह पुरस्कार मिला है। उनको जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए पैसे जुटाने समेत कई अभियानों में बेहतर काम करने से पहचान मिली। ब्रिटिश उपप्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन ने कहा कि मोक्षा ने संयुक्त राष्ट्र संपोषणीय विकास लक्ष्यों की पैरोकारी करते हुए अपने काम से एक शानदार मिसाल कायम की है।

---

# भारत-अमेरिका के संबंध पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण: जीन पियरे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका ने अपने और भारत के रिश्तों को पहले के मुकाबले काफी मजबूत बताया है। साथ ही पीएम की अमेरिका यात्रा को भी काफी महत्वपूर्ण बताया है। एक संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका के व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा कि पिछले महीने पीएम मोदी की यात्रा सफल रही। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के लिए काफी अहम थी। इस दौरान हमने कई अहम लक्ष्यों की घोषणा की थी। जिनमें से कई को क्रियान्वित किया जा रहा है। हम बहुत आशावादी हैं। क्योंकि घोषणाएं हमारे दीर्घकालिक भविष्य और भारत के साथ संबंधों से सम्बन्धित हैं। भारत के साथ संबंधों में मधुरता आगे भी जारी रहेगी।

### आई2यू2 देशों के गहरे हैं रिश्ते

आई2यू2 को लेकर उन्होंने कहा कि इस नए समूह में भारत, अमेरिका, यूएई और इजराइल शामिल हैं। हालांकि चारों देशों में पहले से काफी गहरे रिश्ते हैं। साथ ही मजबूत साझेदारी भी है। इसके साथ हम सभी का एक मजबूत भविष्य भी है। हम असल में भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं। गौरतलब है कि जून महीने में की गई प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

---

प्रभावी काम के लिए जी-20 रोजगार कार्य समूह को केंद्रीय श्रम मंत्री ने यादव ने बधाई दी

# श्रमिकों के लिए टिकाऊ और समावेशी भविष्य की साझा दृष्टि की दिशा में काम करना आवश्यक

भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक संयुक्त वक्तव्य किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

जी-20 की भारतीय अध्यक्षता में श्रम एवं रोजगार मंत्रियों (एल ई एम) की इंदौर में दो दिवसीय बैठक में केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री और जी-20 एल ई एम के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने प्रभावी नीति निर्माण के लिए नियोक्ता संघों और श्रमिक संघों की प्रशंसा की। 20 जुलाई को सत्र के स्वागत सत्र के दौरान भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में यह जानकारी देने के साथ ही परिणाम दस्तावेजों को अंतिम रूप देने की दिशा में प्रभावी ढंग से सहयोग और काम करने के लिए जी-20 रोजगार कार्य समूह (ई डब्ल्यू जी) को बधाई दी और यह उम्मीद जताई कि कल हम उनके प्रयासों को पुख्ता कर सकेंगे। मंत्री यादव ने एल ई एम बैठक में श्रम-20 (एल-20), व्यापार-20 (बी-20) और नियोक्ताओं के अंतर्राष्ट्रीय संगठन की उपस्थिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं उनके विचारों को सुनने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि ये श्रमिकों के लिए टिकाऊ और समावेशी भविष्य की साझा दृष्टि की दिशा में काम करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।



### सहकारी औद्योगिक संबंधों का समर्थन किया

सत्र में एल-20 की ओर से हिरण्मय पांड्या और बी-20 की ओर से भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक संयुक्त वक्तव्य दिया। जिसमें त्रिपक्षीय सहयोग, सामूहिक सौदेबाजी और नीति विकास चर्चाओं में सामाजिक भागीदारों की भागीदारी का समर्थन करने के लिए विश्वास पर आधारित सहकारी औद्योगिक संबंधों का समर्थन किया गया।

### जी-20 नीति की प्राथमिकताएं

पर्याप्त और संवहनीय सामाजिक संरक्षण पर जी-20 नीति प्राथमिकताएं, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए शालीनतापूर्ण एवं मर्यादित काम और सामाजिक सुरक्षा के सतत वित्तपोषण के लिए जी-20 नीति विकल्प चल रही एलईएम बैठक में मसौदा परिणाम दस्तावेजों को अपनाया जाएगा। बाद में सितंबर 2023 के महीने में निर्धारित आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रस्तुत किया जाएगा। चौथी और अंतिम ई डब्ल्यू जी बैठक के अपने समापन भाषण में, सह-अध्यक्षों इंडोनेशिया और ब्राजील ने भारत की अध्यक्षता और विशेष रूप से जी-20 ई डब्ल्यू जी अध्यक्ष को चर्चाओं को आगे बढ़ाने और परिणाम दस्तावेजों को अंतिम रूप देने के लिए बधाई दी। जी-20 ईडब्ल्यूजी अध्यक्ष आरती आहूजा ने ईडब्ल्यूजी बैठकों के सफल आयोजन के लिए जी-20 देशों, अतिथि देशों, सामाजिक भागीदारों, सहभागिता समूहों, अर्थात एल-20 और बी-20, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों, मप्र सरकार और इंदौर के जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

---

### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री किसिंजर



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन बीच चल रहा कोल्ड वार किसी से छिपा नहीं है। कई ऐसे मौके आए हैं जब चीन ने खुले तौर पर अमेरिका पर निशाना साधा। लेकिन अब चीन अमेरिका के साथ अपने संबंधों को नरम करना चाहता है। ऐसा खुद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है। दरअसल, अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री और शीर्ष राजनयिक रहे हेनरी किसिंजर ने चीन का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से गुरुवार को मुलाकात की। जिनपिंग ने कहा कि चीन अमेरिका के साथ अपने संबंधों में चल रही तल्खी को कम करना चाहता है और संबंधों को ठीक करने के लिए चर्चा को तैयार है। वहीं शी जिनपिंग ने अमेरिका के साथ संबंधो को ठीक करने के लिए अनुभवी अमेरिकी राजनयिक किसिंजर की मदद मांगी जैसा कि उन्होंने 50 साल पहले राजनयिक स्थापित करके किया था।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com